उज्जैन
शुक्रवार
03
जुलाई, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-240
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 सिंघल की 58.34 करोड़ की चल-अचल संपत्तियां कुर्क
7 भारतीय बैडमिंटन में नया स्कोरिंग सिस्टम लागू होगा

# हिमाचल में लैंडस्लाइड, गाड़ियां मलबे में दबीं

## उज्जैन में मंदिर डूबे, लखनऊ में घरों में पानी घुसा, गुजरात में सड़कें डूबीं, गाड़ियां चलते-चलते बंद

**ब्रह्मास्त्र** » किन्नौर/भोपाल

हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिला में गुरुवार रात भारी बारिश हुई। किन्नौर के चोलिंग में बारिश के बाद मलबा नेशनल हाईवे पर आ गया। दो गाड़ियां दब गई। राज्य में 49 सड़कें बंद हैं।

इधर, यूपी में शुक्रवार सुबह 3 बजे लखनऊ, बाराबंकी, उन्नाव, जालौन समेत 5 शहरों में बारिश हुई। पानी घरों में घुस गया। गुजरात के वलसाड में सड़कें पानी में डूब गईं, गाड़ियां चलते-चलते बंद हो गईं।

मध्य प्रदेश में मानसून 9 दिन में ही पूरे प्रदेश में छा गया। धार, बड़वानी, खरगोन और देवास में अगले 24 घंटे में 4 से 8 इंच तक पानी गिरने का अनुमान है। उज्जैन में क्षिप्रा नदी का जलस्तर बढ़ने से राम घाट के पास मंदिर डूब गए। राजस्थान के जयपुर में 2 दिन से रुक-रुककर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को भी कोटा, बारां और झालावाड़ के लिए तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है।

उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग, चमोली समेत कई जिलों में लैंडस्लाइड से सड़कें बंद हो गई हैं। बद्रीनाथ और केदारनाथ हाईवे पर लगातार पत्थर गिर रहे हैं। सुरक्षा के चलते केदारनाथ यात्रा फिलहाल रोक दी गई है।

### कल भारी बारिश की संभावना

- छत्तीसगढ़, तेलंगाना, ओडिशा, केरलम, गोवा, तमिलनाडु, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, सिक्किम में भारी बारिश की संभावना है।
- बिहार में 50-60किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज आंधी चल सकती है। मध्य प्रदेश, ओडिशा, पूर्वी राजस्थान और तमिलनाडु समेत कई राज्यों में तेज हवा चलेगी।
- राजस्थान में 30-40किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ बारिश का अनुमान है। कुछ इलाकों में हीटवेव जारी रहेगी।

### हीटवेव का अलर्ट

- आंध्र प्रदेश, झारखंड, ओडिशा में भी तेज बारिश की चेतावनी है।
- असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल और सिक्किम के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होगी।
- सिक्किम, गोवा, तेलंगाना और कर्नाटक में समुद्र के करीबी इलाकों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।
- मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के नागपुर-अमरावती रीजन में लगातार पांचवें दिन हीटवेव का अलर्ट है।

क्रूज पर फैला नोरोवायरस

## चालक दल समेत 125 लोग संक्रमण की चपेट में आए

**ब्रह्मास्त्र** » वाशिंगटन

अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को से कनाडा और अलास्का की यात्रा पर निकले एक लग्जरी क्रूज जहाज में नोरोवायरस का बड़ा प्रकोप सामने आया है। इस संक्रमण की चपेट में 125 लोग आए हैं, जिनमें 102 यात्री और 23 चालक दल के सदस्य शामिल हैं। घटना के बाद स्वास्थ्य एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। आखिर यह वायरस कैसे फैलता है, इसके लक्षण क्या हैं और इससे बचाव कैसे किया जा सकता है, जानिए इस एक्सप्लेनर में। सैन फ्रांसिस्को से रवाना होकर कनाडा और अलास्का की 20 दिन की यात्रा पर निकले रूबी प्रिंसेस क्रूज में नोरोवायरस संक्रमण फैलने से 125 लोग बीमार हो गए।

### अमेरिका ने ईरान को इजराइली साजिश की चेतावनी दी

**तेल अवीव।** अमेरिका-ईरान के बीच अप्रैल में शुरू हुई बातचीत के दौरान अमेरिका को डर था कि इजराइल, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची और संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबाफ को निशाना बना सकता है। इसी वजह से अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट के कुछ सहयोगी देशों के जरिए तेहरान को सतर्क रहने का संदेश भिजवाया। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका को डर था कि अगर दोनों वार्ताकारों की हत्या हुई तो युद्धविराम और शांति प्रक्रिया टूट जाएगी। उस समय ट्रम्प प्रशासन होर्मुज स्ट्रेट खोलने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर समझौते की कोशिश कर रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में होने वाली एक बैठक से पहले भी ईरान को हमले का खतरा था। इसी कारण पाकिस्तान ने ईरानी प्रतिनिधिमंडल के विमान को फाइटर जेट की सुरक्षा में इस्लामाबाद तक पहुंचाया।

### चुनाव से पहले हिंदू वोट बैंक साधने की होड़ में जुटीं पार्टियां

**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की सियासत अब धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों के इर्द-गिर्द तेजी से घूमती दिखाई दे रही है। आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस तीनों ही हिंदू मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की रणनीति पर काम कर रही हैं। हालांकि मौजूदा राजनीतिक गतिविधियों को देखते हुए आम आदमी पार्टी इस दिशा में सबसे अधिक सक्रिय नजर आ रही है। राज्य सरकार की ओर से धार्मिक आयोजनों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू किए जाने के बाद चुनावी माहौल में नई हलचल पैदा हो गई है। पंजाब में हिंदू मतदाताओं की संख्या भले ही कुल आबादी की तुलना में सीमित हो, लेकिन कई शहरी विधानसभा क्षेत्रों में यही वोट बैंक चुनावी परिणामों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है।

### बीजेपी के गढ़ बांकीपुर से चुनावी मैदान में उतरेंगे प्रशांत किशोर

**पटना।** बिहार की राजनीति में एक बड़ा सियासी घटनाक्रम सामने आने वाला है। जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर जल्द ही पटना की हाई-प्रोफाइल बांकीपुर विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़ने का ऐलान कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार इस संबंध में आधिकारिक घोषणा 5 जुलाई को प्रस्तावित प्रेस कॉन्फ्रेंस में की जाएगी। यदि प्रशांत किशोर चुनावी मैदान में उतरते हैं तो यह मुकाबला केवल एक विधानसभा उपचुनाव नहीं रहेगा, बल्कि इसे बिहार की बदलती राजनीति और आगामी विधानसभा चुनाव से पहले शक्ति परीक्षण के रूप में भी देखा जाएगा। खास बात यह है कि बांकीपुर विधानसभा सीट पिछले चार दशकों से भारतीय जनता पार्टी का मजबूत गढ़ मानी जाती रही है और ऐसे में प्रशांत किशोर का यहां से चुनाव लड़ना सीधे तौर पर भाजपा को चुनौती देने के रूप में देखा जा रहा है।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर फैसला 2-3 महीनों में होगा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा कि देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें कम होंगी या नहीं, इस पर फैसला अगले दो-तीन महीनों में ही लिया जा सकता है। अभी कुछ भी कहना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि ईरान जंग के समय जब दुनिया में कच्चे तेल के दाम आसमान छू रहे थे, तब भारतीय तेल कंपनियों ने महंगे दामों पर कच्चा तेल खरीदा। रिफाइनरियां अभी उसी महंगे स्टॉक को प्रोसेस कर रही हैं। लागत से कम दाम पर तेल-गैस बेचने की वजह से देश की सरकारी तेल कंपनियों को 30 जून तक 74,781 करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका-ईरान समझौते के बाद क्रूड ऑयल की कीमतें नीचे आने लगी हैं। अगर यही पैटर्न 2-3 महीने तक चला तो कुछ महीनों में तेल कीमतों में राहत की उम्मीद है।

### यूएन हेडक्वार्टर के बाहर शख्स ने खुद को आग लगाई, अस्पताल में मौत

**न्यूयॉर्क सिटी।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के बाहर गुरुवार को एक 52 वर्षीय व्यक्ति ने खुद को आग लगा ली। उसके हाथ में तिब्बती झंडा था। सूचना मिलने पर पुलिस और इमरजेंसी टीम मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से झुलसे व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग ने बताया कि फिलहाल यह साफ नहीं है कि व्यक्ति ने यह कदम क्यों उठाया। मामले की जांच की जा रही है। मृतक की पहचान अभी सार्वजनिक नहीं की गई है, क्योंकि उसके परिजनों को पहले सूचना दी जानी है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता ने बताया कि घटना के वक्त सभी आधिकारिक बैठकें खत्म हो चुकी थीं। इसलिए यूएन के नियमित कामकाज पर इसका कोई असर नहीं पड़ा।

### 20 हजार के इंस्टेंट लोन के झांसे में कारोबारी से 8.91 लाख की साइबर ठगी

**ग्वालियर।** ग्वालियर में 20 हजार रुपये के इंस्टेंट ऑनलाइन लोन का झांसा एक कारोबारी को इतना भारी पड़ा कि साइबर ठगों ने उससे 8.91 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने पहले मोबाइल में कई लोन एप डाउनलोड कराकर पूरा डेटा अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद एआई तकनीक की मदद से कारोबारी की तस्वीरों से अश्लील वीडियो तैयार किए और उन्हें रिश्तेदारों को भेजने की धमकी देकर लगातार ब्लैकमेल करते रहे. परेशान होकर पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद जनकगंज थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# देश का पहला प्राइवेट ऑर्बिटल विक्रम-1 की जल्द लॉन्चिंग संभव

## स्काईरूट फाउंडर पवन बोले- अंतरिक्ष तक तेजी से पहुंचने वाला एआई-6जी, स्पेस इकोनॉमी में आगे होगा

**ब्रह्मास्त्र** » हैदराबाद

भारत का पहला प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 अब लॉन्च के लिए तैयार है। स्काईरूट एयरोस्पेस ने इसकी पहली टेस्ट फ्लाइट के लिए 12 जुलाई से 4 अगस्त तक की लॉन्च विंडो घोषित की है। यह भारत की प्राइवेट स्पेस क्षमता की पहली बड़ी परीक्षा है। इसकी सफलता से छोटे उपग्रहों को जरूरत के मुताबिक और ज्यादा तेजी से अंतरिक्ष में भेजा जा सकेगा। इससे खेती, संचार, नेविगेशन और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसी सेवाएं और मजबूत होंगी। अगर विक्रम-1 सफल रहता है तो भारत निजी क्षेत्र के दम पर ऑर्बिट तक पहुंचने वाले चुनिंदा देशों में शामिल हो जाएगा।

### सैटेलाइट बढ़ेंगे तो हर क्षेत्र में सुविधाएं भी बढ़ेंगी

अंतरिक्ष में बढ़ते सैटेलाइट नेटवर्क के साथ लॉन्च की मांग भी कई गुना बढ़ेगी। अभी भारत में ज्यादातर सैटेलाइट इसरो लॉन्च करता है। लेकिन आने वाले सालों में सैटेलाइट की संख्या तेजी से बढ़ेगी। ऐसे में इसरो चंद्रयान, गगनयान और अंतरिक्ष स्टेशन जैसे बड़े मिशनों पर ध्यान देगा। स्काईरूट जैसी निजी कंपनियां छोटे सैटेलाइट को बार-बार और जरूरत के मुताबिक कक्षा में पहुंचाने का काम करेंगी। इससे मौसम, इंटरनेट, खेती, आपदा प्रबंधन और संचार जैसी सेवाएं पहले से ज्यादा तेज और सटीक हो सकेंगी। स्काईरूट की तुलना



स्पेसएक्स से होती है, लेकिन दोनों का मॉडल अलग है। इसे ट्रेन और कैब से समझ सकते हैं। ट्रेन तय समय पर तय स्टेशन तक ही ले जाती है।

### स्पेस से पूरी हो रहीं रोजमर्रा की जरूरतें

अगर आप फोन पर मैप्स चलाते हैं या डिजिटल पेमेंट करते हैं, तो उसके पीछे भी अंतरिक्ष में मौजूद सैटेलाइट काम कर रहे होते हैं। मैप्स आपकी सटीक लोकेशन सैटेलाइट से मिले नेविगेशन सिग्नल के आधार पर बताते हैं, जबकि यूपीआई जैसी सेवाएं इंटरनेट और संचार नेटवर्क पर चलती हैं, जिन्हें दूरदराज के इलाकों में सैटेलाइट भी मजबूती देते हैं।

### अमरनाथ यात्रा : 4800 यात्रियों का पहला जत्था कश्मीर पहुंचा

**ब्रह्मास्त्र** » जम्मू

आज से अगले 57 दिन ग्रेटर हिमालय की ऊंची वादियों में बाबा बर्फानी के जयकारे गूंजेंगे। अमरनाथ यात्रा शुरू हो चुकी है। 28 अगस्त तक 4 लाख से ज्यादा श्रद्धालु 3,888 मीटर पर स्थित पवित्र गुफा में प्राकृतिक रूप से बने शिवलिंग के दर्शन कर सकेंगे। गुरुवार को जम्मू-कश्मीर एलजी मनोज सिन्हा ने पहले जत्थे को जम्मू के भगवती बेस कैंप से बालटाल और पहलगाम के लिए रवाना किया। जत्थे में 4,822 तीर्थयात्री शामिल थे, जो 259 वाहनों के सुरक्षा घेरे में रवाना हुए। कश्मीर में लगातार बारिश और खराब मौसम को देखते हुए श्रद्धालुओं को दर्शन के बाद तुरंत नीचे लौटने की सलाह दी गई है। यात्रा मार्ग पर हर 2 किलोमीटर पर ऑक्सीजन बूथ बनाए गए हैं। वहीं, दोमेल रूट पर चार जगह बड़ी स्क्रीन के जरिए मौसम की जानकारी दी जा रही है। गौरतलब है कि अमरनाथ यात्रा अनंतनाग में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम रास्ते या गांदरबल जिले में छोटे 14 किलोमीटर लंबे बालटाल रास्ते से की जा सकती है।

गौ तस्करी-मॉब लिंचिंग के 14 आरोपियों को

## उम्रकैद की सजा सुनाने के बाद महिला जज को मिली धमकी

**ब्रह्मास्त्र** » जबलपुर

गौ तस्करी व मॉब लिंचिंग के बहुचर्चित मामले में 14 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाने के बाद इंटरनेट मीडिया पर मिली धमकियों को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि ऐसी गतिविधियां सीधे तौर पर न्यायिक स्वतंत्रता और न्यायिक अधिकारियों के निडर होकर कार्य करने में बाधा डालती हैं।

युगलपीठ ने उपद्रवियों के खिलाफ की गई कार्रवाई के संबंध में प्रदेश के पुलिस महानिदेशक तथा अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) से तीन दिनों के भीतर हलफनामा प्रस्तुत करने को कहा है। गौरतलब है कि जजों की सुरक्षा से संबंधित संज्ञान याचिका की सुनवाई के दौरान युगलपीठ ने सिवनी मालवा में पदस्थ महिला न्यायाधीश तबस्सुम खान को गौ तस्करी व मॉब लिंचिंग के बहुचर्चित मामले में 14 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाने के बाद इंटरनेट मीडिया पर मिली धमकियों को गंभीरता से लिया। याचिका की सुनवाई के दौरान युगलपीठ को बताया गया कि नर्मदापुरम की पुलिस अधीक्षक ने अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश तबस्सुम खान को सुरक्षा प्रदान कर दी है।

### न्यायिक अधिकारी को धमकाने का माहौल

युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा कि नर्मदापुरम में न्यायिक अधिकारी के लिए भय का माहौल बना दिया गया है। ऐसी गतिविधियां सीधे तौर पर न्यायिक स्वतंत्रता और न्यायिक अधिकारियों के निडर होकर कार्य करने में बाधा डालती हैं। युगलपीठ ने कहा कि नर्मदापुरम की पुलिस अधीक्षक यह भी बताएं कि उन लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है, जिन्होंने न्यायिक अधिकारी को धमकाने का माहौल बनाया है।

लखनऊ में यूपी-टीईटी का दूसरा दिन आज

## महिला सिपाही ने स्कूटी से पहुंचाकर दिलाई छात्रा को परीक्षा

**ब्रह्मास्त्र** » लखनऊ

लखनऊ में उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी-टीईटी) 2026 के दूसरे दिन शुक्रवार को 46 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा शुरू हुई। इस दौरान एक महिला पुलिसकर्मी की तत्परता ने अभ्यर्थी की परीक्षा छूटने से बचा ली। केकेवी की जगह गलती से केकेसी केंद्र पहुंची अभ्यर्थी को महिला पुलिसकर्मी ने अपनी स्कूटी से सही केंद्र पहुंचाकर समय रहते एंट्री दिलाई।

पहली पाली सुबह 9:30 बजे से आयोजित हुई। अभ्यर्थियों को तीन स्तर की जांच और बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जा रहा है। गुरुवार को पहले दिन शहर में करीब 71% अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। शहर में बने 46 परीक्षा केन्द्रों पर प्रशासन की तरफ से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। बायोमेट्रिक सत्यापन और सघन चेकिंग के बाद ही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। केन्द्रों की निगरानी में लगे 92 मजिस्ट्रेट,46 सेक्टर मजिस्ट्रेट और इतने स्टैटिक मजिस्ट्रेट लगातार केंद्रों का निरीक्षण कर रहे थे। जिसके चलते केन्द्रों सख्ती रही। केन्द्रों पर पुलिस बल भी तैनात रहा। दोनों पालियों की परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हुई। केंद्रों पर अभ्यर्थी सुबह 7 बजे से पहले ही पहुंच गए थे। कई केंद्रों ने सुबह 7:30 बजे से अभ्यर्थियों को प्रवेश देना शुरू किया। तीन स्तर पर तलाश के बाद अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। लखनऊ में 92 मजिस्ट्रेटों, 46 सेक्टर मजिस्ट्रेट और इतने ही स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए।

## पुणे मंगेतर मर्डर- अलग-अलग बयान दे रहे सिया और चेतन

**ब्रह्मास्त्र** » पुणे

पुणे के केतन अग्रवाल हत्याकांड में मुख्य आरोपी सिया गोयल और उसके प्रेमी चेतन चौधरी अलग-अलग बयान दे रहे हैं। पुलिस ने अब पॉलीग्राफ (लाई डिटेक्टर) टेस्ट कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके बाद दोनों के बयान मिलाए जाएंगे। सिया ने टेस्ट की परमिशन दे दी है।

वहीं जांच में पता चला है कि मुख्य आरोपी चेतन चौधरी ने वारदात से पहले टीवी सीरियल क्राइम पेट्रोल के कई एपिसोड देखकर समझने की कोशिश की थी कि जांच एजेंसियों को कैसे चकमा दिया जा सकता है।

18 जून को लोहगढ़ किले से धक्का देकर 25 साल के केतन अग्रवाल की हत्या कर दी गई थी। पुलिस का मानना है कि केतन, सिया और चेतन के रिश्ते में बाधा बन रहा था, इसलिए उसकी हत्या की साजिश रची गई। पुणे पुलिस ने गुरुवार को सिया गोयल के घर से घटना के दिन पहने गए कपड़े और कई डिजिटल सबूत बरामद किए हैं। साथ ही सिया को उस जगह पर ले जाकर जांच की, जहां उसने और चेतन चौधरी ने मंगेतर केतन अग्रवाल को पहाड़ी से धक्का देने की साजिश का रिहर्सल किया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की अनुमति के लिए कोर्ट में आवेदन भी दिया है।

**क्राइम पेट्रोल से पुलिस को चकमा देना सीखा, अब पॉलीग्राफ टेस्ट होगा**

देश की पहली नदी जोड़ो केन-बेतवा लिंक परियोजना कानूनन अवैध

## 45,000 करोड़ के प्रोजेक्ट की सारी मंजूरियां खत्म

**ब्रह्मास्त्र** » भोपाल

देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना के तहत केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट कानूनी और तकनीकी विवादों में घिर गया है। सरकारी दस्तावेजों की पड़ताल में सामने आया है कि फॉरेस्ट क्लीयरेंस की कई अनिवार्य शर्तों का पालन नहीं हुआ। इनमें प्रभावित परिवारों के रिहेबिलिटेशन की सबसे अहम शर्त अब भी अधूरी है। नियमों के अनुसार, जरूरी शर्तें पूरी न होने पर प्रोजेक्ट के लिए दोबारा फॉरेस्ट क्लीयरेंस लेना पड़ता है। जिला प्रशासन के आंकड़े बताते हैं कि प्रभावित परिवारों का अब तक पूरा पुनर्वास नहीं हुआ। वहीं, सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी और नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी की अहम सिफारिशों का भी पूरा पालन नहीं हुआ। इन हालातों में करीब 45 हजार करोड़ रुपए के इस प्रोजेक्ट की वैधता पर सवाल उठ रहे हैं।

### पन्ना टाइगर रिजर्व का 6,000 हेक्टेयर कोर क्षेत्र होगा जलमग्न

केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट के तहत बुंदेलखंड के जिलों तक पानी पहुंचाने के लिए दौधन बांध बनाया जा रहा है। इसके निर्माण से पन्ना टाइगर रिजर्व के कोर एरिया का 6,000 हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र जलमग्न होगा। इस पर्यावरणीय असर को देखते हुए प्रोजेक्ट को दो चरणों में फॉरेस्ट क्लीयरेंस दी गई थी। मई 2017 में स्टेज-1 फॉरेस्ट क्लीयरेंस तो अक्टूबर 2023 में स्टेज-2 की मंजूरी मिली। दोनों चरणों में पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा और प्रभावित लोगों के पुनर्वास से जुड़ी कई जरूरी शर्तें रखी गईं, जिनमें कई समान थीं।

पाकिस्तान से जुड़े कथित जासूसी नेटवर्क की फंडिंग पर बड़ा प्रहार

# सीआईडी ने औरंगाबाद से आरोपी को दबोचा

**ब्रह्मास्त्र** » जयपुर

राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में राजस्थान सीआईडी इंटेलिजेंस ने पाकिस्तान से जुड़े कथित जासूसी नेटवर्क की फंडिंग करने के आरोप में महाराष्ट्र के औरंगाबाद निवासी रफीक चांद शेख को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसियों के अनुसार आरोपी पिछले करीब चार वर्षों से इस नेटवर्क के संपर्क में था और अपने साथ-साथ अन्य लोगों के नाम पर खुलवाए गए बैंक खातों के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों तक धन पहुंचाने का काम कर रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी को सीमा पार संचालित कथित जासूसी नेटवर्क की आर्थिक गतिविधियों पर बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है।

### कई बैंक खाते खुलवाए

राजस्थान सीआईडी इंटेलिजेंस की जांच में सामने आया है कि रफीक चांद शेख सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तान से जुड़े संदिग्ध हैंडलर्स के संपर्क में आया था। प्रारंभिक जांच के अनुसार उसने अपने और अन्य व्यक्तियों के नाम पर कई बैंक खाते खुलवाए, जिनका उपयोग कथित तौर पर नेटवर्क से जुड़े लोगों तक धन पहुंचाने के लिए किया जाता था। जांच एजेंसियां अब इन बैंक खातों के जरिए हुए लेनदेन, धन के स्रोत और लाभार्थियों की विस्तृत पड़ताल कर रही हैं।

- अधिकारियों के अनुसार आरोपी पिछले चार वर्षों से इस गतिविधि में सक्रिय था। वह औरंगाबाद में मुर्गी फार्म का संचालन करता था और इसी कारोबार की आड़ में अपनी संदिग्ध गतिविधियों को छिपाने का प्रयास कर रहा था। जांच एजेंसियों का मानना है कि आरोपी ने सामान्य कारोबारी गतिविधियों का इस्तेमाल अपने वित्तीय लेनदेन को संदेह से दूर रखने के लिए किया।
- यह गिरफ्तारी इसी वर्ष जनवरी में सामने आए दो महत्वपूर्ण मामलों की जांच के दौरान हुई प्रगति का परिणाम बताई जा रही है। राजस्थान सीआईडी ने जनवरी 2026 में जैसलमेर निवासी झबरा राम और असम के डिब्रूगढ़ एयरफोर्स स्टेशन पर तैनात सुमित कुमार को गिरफ्तार किया था।

### अन्य लोगों की गहन जांच कर रही

गिरफ्तारी के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे छह दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। अब राजस्थान सीआईडी इंटेलिजेंस की टीम औरंगाबाद पहुंचकर आरोपी के बैंक खातों, वित्तीय लेनदेन, डिजिटल रिकॉर्ड, मोबाइल डेटा और उससे जुड़े अन्य लोगों की गहन जांच कर रही है। अधिकारियों को आशंका है कि पूछताछ के दौरान नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों और फंडिंग के नए स्त्रोतों का भी खुलासा हो सकता है।



## खबर एक नजर...

### करियर निर्माण में महत्वपूर्ण है ग्रंथालय की भूमिका

**उज्जैन।** सत्र 2026-27 के दीक्षारंभ कार्यक्रम के दूसरे दिन गुरुवार को शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय के ग्रंथालय में नवीन छात्राओं का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर ग्रन्थपाल डॉ लीना शाह द्वारा छात्राओं को ग्रंथालय की विभिन्न गतिविधियों, उपलब्ध संसाधनों और ई-रिसोर्सेस के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए सफलता और उज्वल भविष्य के लिए ग्रंथालय के संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्राओं को करियर निर्माण में ग्रंथालय की अहम भूमिका बताई और शासन द्वारा दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी। कार्यक्रम में संयोजक डॉ. कविता जैन, डॉ. अंजना जायसवाल, डॉ. स्मिता देराश्री, डॉ. पूजा साहू और डॉ. सीमा उपाध्याय सहित नवीन छात्राएं उपस्थित थीं। आयोजन के सफल संचालन में ग्रंथालय के सहयोगी जितेंद्र कुशवाह और विद्या बेन पांचाल ने भी सहयोग प्रदान किया।

### दीपक राजवानी बने लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रिंट मीडिया

**उज्जैन।** इंटरनेशनल लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2 में दीपक राजवानी को डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रिंट मीडिया सोशल वर्क नियुक्त किया गया है। उनकी यह महत्वपूर्ण नियुक्ति डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन महेश मालवीय द्वारा की गई है।

लायंस क्लब विश्व का सबसे बड़ा सेवाभावी एनजीओ है, जिसके 200 से अधिक देशों में 14 लाख 50 हजार से ज्यादा सदस्य अपनी सेवाएं दे रहे हैं। राजवानी को जिस डिस्ट्रिक्ट का दायित्व सौंपा गया है, उसका विस्तार काफी बड़ा है। इसमें उज्जैन, आगर, आनंदपुर, सद्गुरु, बाबई, बैरागढ़, बड़नगर, बरेली, बेरछा, बैतूल सिटी, भोपाल, ब्यावरा, गंजबासौदा, हरदा, होशंगाबाद, इटारसी, खाचरौद, खिलचीपुर, महिदपुर सिटी, ताप्ती नगरी, नरसिंहगढ़, नागदा, पचोर, पिपरिया, सागर, सांची, सारंगपुर, सतपुड़ा, सिद्धपुर, शमशाबाद, सिलवानी, तराना, टीकमगढ़ और विदिशा सहित अन्य शहर शामिल हैं। वर्तमान में इस डिस्ट्रिक्ट में 172 क्लब संचालित हैं, जिनसे 3 हजार से अधिक सदस्य जुड़े हुए हैं।

### भाजपा अजा मोर्चा उज्जैन और मंदसौर संभाग की संयुक्त बैठक 4 जुलाई को

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की उज्जैन एवं मंदसौर संभाग की संयुक्त बैठक 4 जुलाई शनिवार को दोपहर 12 बजे फ्रीगंज स्थित भाजपा कार्यालय लोकशक्ति भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक में मोर्चा के आगामी कार्यक्रमों के लिए विस्तार से कार्ययोजना तैयार की जाएगी। मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण खोईवाल ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में मुख्य रूप से मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य और प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार उपस्थित रहेंगे। बैठक में मोर्चा के वर्तमान कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों के संबंध में रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में उज्जैन और मंदसौर संभाग के अंतर्गत आने वाले जिलों के मोर्चा से संबंधित सांसद, विधायक, महापौर, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं भाजपा जिला अध्यक्षगण सहित मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष, महामंत्री व अन्य अपेक्षित श्रेणी के सभी प्रमुख पदाधिकारी शामिल होंगे।

### सार्वजनिक क्षेत्र को बचाए रखना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी

**उज्जैन।** ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्प्लॉइज एसोसिएशन के स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर उज्जैन-2 और सीएबी शाखा द्वारा संयुक्त रूप से प्लैटिनम जुबली समारोह का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने संगठन के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान परिवेश में सार्वजनिक क्षेत्र को बचाए रखने को सभी की सबसे बड़ी जिम्मेदारी बताया। कार्यक्रम में इंश्योरेंस एम्प्लॉइज यूनियन के संयुक्त सचिव कुलदीप सिंह क्षत्रिय ने सभा को संबोधित करते हुए पिछले 75 वर्षों में संगठन के संघर्ष, उपलब्धियों और बीमा उद्योग के सामने मौजूद चुनौतियों का विस्तार से उल्लेख किया। समारोह में उज्जैन-2 और सीएबी शाखा के समस्त कर्मचारी, अधिकारी, पेंशनर्स, अभिकर्ता, बिरादराना संगठनों के प्रतिनिधि और अस्थायी कर्मचारियों सहित कुल 82 लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्यों का विशेष रूप से सम्मान और स्वागत किया गया। स्वागत भाषण प्रकाश बंगार ने दिया।

### 60 पितृ विहीन बालिकाओं का उठाया जिम्मा

**उज्जैन।** सर्व प्रयास सामाजिक संस्था की उज्जैन शाखा द्वारा शिशु मंदिर स्कूल में शिक्षण सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बाल संस्कार केंद्र के आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग, कॉपियां, पेन, कंपास बॉक्स और बिस्किट वितरित किए गए। संस्था की उज्जैन प्रभारी निर्मला शर्मा ने बताया कि संस्था ने 60 ऐसी बालिकाओं के भरण-पोषण की जिम्मेदारी ले रखी है, जिनके पिता नहीं हैं। संस्था द्वारा इन बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, त्योहार और विवाह तक में आर्थिक मदद की जाती है।

# 16 आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति देने से कर्मचारियों में आक्रोश

## कर्मचारी संघों ने निगम गेट पर किया प्रदर्शन, बोले- अपनों के प्रकरण अटकाए, रिटायर कर्मियों की ग्रेच्युटी रोकने वकीलों पर लुटा रहे लाखों

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नगर निगम के स्थापना विभाग द्वारा अपने ही कर्मचारियों के परिजनों की अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण वर्षों से लंबित रखने और अन्य विभागों के कर्मचारियों के परिजनों को नियुक्ति देने के विरोध में निगम कर्मचारियों का आक्रोश फूट पड़ा है। इसके विरोध में भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध विभिन्न कर्मचारी संघों ने नगर निगम गेट पर जोरदार प्रदर्शन कर अपनी मांगें उठाईं।



सफाई कामगार संघ, स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ और सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के संरक्षक रामचंद्र कोरट ने बताया कि कार्य के दौरान निगम कर्मचारियों की मृत्यु होने पर स्थापना शाखा के अधिकारी छोटी-छोटी आपत्तियां लगाकर उनके परिजनों की अनुकंपा नियुक्ति वर्षों से रोके हुए हैं। वहीं, शिक्षा विभाग, जिला पंचायत व अन्य विभागों के 16 कर्मचारियों के पुत्र-पुत्रियों को निगम में अनुकंपा नियुक्ति दे दी गई, जो सीधे तौर पर निगम कर्मचारियों के अधिकारों पर कुठाराघात है। उन्होंने आरोप लगाया कि छोटी-छोटी त्रुटियों पर सफाई एवं कार्यालयीन कर्मचारियों को निलंबित करने, सेवा समाप्त करने और वेतन काटने जैसी कार्रवाई की जा रही है। निगमायुक्त कर्मचारियों की मांगें मान लेते हैं, लेकिन निचले स्तर के अधिकारी उन पर

### पदोन्नति आदेश लागू हों, ग्रेच्युटी के लिए कोर्ट में अपील न करे निगम

स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रमेशचंद्र रघुवंशी ने मांग की कि राज्य शासन द्वारा हाल ही में दिए गए पदोन्नति आदेशों पर निगम का स्थापना विभाग शीघ्र कार्रवाई करे। वहीं, सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. पवन व्यास ने कहा कि जो सेवानिवृत्त कर्मचारी श्रम न्यायालय से ग्रेच्युटी का केस जीत चुके हैं, उनके खिलाफ निगम उच्च न्यायालय में अपील कर वकीलों पर लाखों रुपए खर्च कर रहा है। वकीलों पर खर्च की जा रही इस राशि से रिटायर कर्मचारियों को आसानी से उनकी ग्रेच्युटी का भुगतान किया जा सकता है। प्रदर्शन को सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष रमेशचंद्र निगम, स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन मुसले और सफाई कामगार संघ के सचिव संदीप कलोसिया ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर रामविलास गुप्ता, दशरथ लोदवाल, कमलकिशोर गेहलोत, रमेशचंद्र मकवाना, पी.एल. टटवाल, अजयप्रकाश मेहता, मनसुख मेहरवाल, कैलाश नागर, गय्यूर अहमद, संतोष शर्मा, मुकेश कल्याणे, राजेन्द्र देवधरे, शैलेष नागर, निलेश गिरजे, सोनू पटूना, सोनू शिंदे, मनीष पाण्डे, अमरनाथ झा, सुरेन्द्र सारवान, कैलाश यादव, चन्द्रेश, आशुतोष

# आउटसोर्स कर्मियों के पूरे वेतन व नियमितीकरण की उठी मांग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

वाल्मीकि समाज अधिकारी कर्मचारी संघ संपूर्ण भारत इकाई की एक महत्वपूर्ण चिंतन बैठक उज्जैन में आयोजित की गई। शिवपुरी से उज्जैन प्रवास पर आए संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल किशोर कोड़े और प्रदेश अध्यक्ष जुगल किशोर कोड़े के आतिथ्य में सफाई कर्मचारियों के नियमितीकरण और युवाओं को रोजगार से जोड़ने पर मंथन किया गया।

संभाग अध्यक्ष हेमराज घावरी, संभाग कोर कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र भाटी और जिला अध्यक्ष रवि सीहोते के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कर्मचारियों की समस्याओं पर प्रमुखता से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों को जल्द नियमित किया जाए और आउटसोर्स कर्मचारियों को पूरा वेतन दिया जाए। इसके अलावा समाज के बेरोजगार नवयुवकों को सरकारी योजनाओं के माध्यम से व्यवसाय के लिए ऋण उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया, जिससे बेरोजगारी दूर हो और उनके परिवारों का उचित पालन-पोषण हो सके। चर्चा के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने घोषणा की कि संघ द्वारा उज्जैन में जल्द ही एक विशाल संभागीय अधिवेशन आयोजित किया जाएगा। इससे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल किशोर कोड़े और प्रदेश अध्यक्ष जुगल किशोर कोड़े का साफा बांधकर, शॉल-गुलदस्ता भेंट कर और बाबा महाकाल का दुपट्टा पहनाकर भव्य स्वागत व सम्मान किया गया। संभाग मीडिया प्रभारी रामू हंस ने बताया कि इस अवसर पर दशरथ सीहोते, मनोहर लाल गोहर, संतोष घावरी, जितेंद्र कुमार गोसर, दिनेश लावरे, कुंदन गिरजे, कमल फातरोड़, दिनेश तंवर, घनश्याम छपरी और राधेश्याम मेवाती सहित समाज के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# विहिप से महाकाल मंदिर को 29 लाख के नुकसान की खबर भ्रामक, प्रबंध समिति ने किया आधिकारिक खंडन

## सोशल मीडिया पर वायरल प्रोटोकॉल दर्शनार्थियों के आंकड़ों को बताया अप्रमाणिक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सोशल मीडिया पर विश्व हिंदू परिषद और अन्य संगठनों के प्रोटोकॉल दर्शन के कारण श्री महाकालेश्वर मंदिर को 29 लाख रुपये के राजस्व नुकसान का दावा करने वाली खबर को मंदिर प्रबंध समिति ने पूरी तरह भ्रामक बताया है। समिति ने स्पष्ट किया है कि प्रोटोकॉल दर्शनार्थियों की संख्या से संबंधित कोई भी आंकड़े उनकी ओर से जारी नहीं किए गए हैं।

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने अपने मीडिया एवं जनसंपर्क समूह में आधिकारिक संदेश जारी कर बताया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित जानकारी का कोई आधार नहीं है और यह पूरी तरह अप्रमाणिक है। समिति का इन आंकड़ों से कोई संबंध नहीं है। प्रबंध समिति ने आमजन से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक प्रेस विज्ञप्तियों व अधिकृत सूचनाओं पर ही विश्वास करें।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रचार-प्रसार प्रमुख राज जोशी ने बताया कि बिना किसी आधिकारिक स्रोत के भ्रामक आंकड़े प्रस्तुत कर संगठन की प्रतिष्ठा और छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है। इस झूठी खबर से



सनातन समाज और कार्यकर्ताओं में भारी रोष व्याप्त है। विहिप लंबे समय से धर्म, संस्कार और समाज जागरण के लिए समर्पित है। बिना प्रमाण के ऐसे आरोप लगाना अनुचित है और यह सामाजिक सौहार्द को भी प्रभावित करता है।

मंदिर समिति के स्पष्टीकरण के बाद यह साफ हो गया है कि कथित राजस्व हानि के आंकड़ों का कोई अस्तित्व नहीं है। विहिप पदाधिकारियों ने झूठी और भ्रामक जानकारी प्रसारित कर समाज में भ्रम फैलाने वाले व्यक्तियों की निष्पक्ष जांच कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही मीडिया जगत से भी अपेक्षा की गई है कि किसी भी समाचार को प्रकाशित करने से पूर्व उसकी तथ्यात्मक पुष्टि अवश्य की जाए।

### डॉ. जैन को किया सम्मानित

**बड़नगर।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के शुभ अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ द्वारा सिविल अस्पताल बड़नगर में अपनी 38 वर्षों की एक लंबी अवधि तक उत्कृष्ट सेवा देने वाले नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आजाद कुमार जैन का गौरवपूर्ण विधान से सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में सर्वप्रथम संघ की जानकारी घनश्याम पाठक द्वारा दी गई। इसके बाद रश्मि पंवार सीएचओ द्वारा जैन दम्पति को तिलक लगाया गया। संघ के देवीदास मूलचंदानी, प्रेमकुमार खींची, दिनेश पंचोली और कन्हैयालाल वर्फा द्वारा पुष्प मालाओं से अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया।सम्मान पत्र का वाचन रविराज यादव ने किया।

# बर्फाच्छादित चोटियों और झरनों के बीच जैन सोशल ग्रुप समन्वय की सात दिवसीय यात्रा संपन्न

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जैन सोशल ग्रुप समन्वय का 28 दंपतियों का दल सिक्किम और दार्जिलिंग की सात दिवसीय पर्यटन व मनोरंजन यात्रा से लौट आया है। संस्थापक अध्यक्ष जयंतीलाल फाफारिया के मार्गदर्शन और अध्यक्ष नगीन नलवाया के नेतृत्व में गई इस यात्रा में सदस्यों ने हिमालय के प्राकृतिक सौंदर्य, ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर यादगार पल बिताए।

अंबेडकर नगर-कामाख्या एक्सप्रेस से शुरू हुई इस यात्रा में दल ने गंगटोक के फ्लावर एग्जीबिशन सेंटर में दुर्लभ पुष्पों की प्रदर्शनी देखी। इसके बाद प्रसिद्ध एमजी रोड, भारत-चीन सीमा पर स्थित ऐतिहासिक नाथुला दर्रा, आस्था के केंद्र बाबा हरभजन सिंह मंदिर और 12,300 फीट की ऊंचाई पर स्थित छांगू झील का भ्रमण किया। बर्फ से ढके पर्वतों के बीच याक की सवारी और हिमालय के अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य ने सभी को रोमांचित किया। यात्रा के दौरान उत्तरी सिक्किम में सेवन सिस्टर्स वॉटरफॉल, मंगन, सिंघिक व्यू पॉइंट, चुंगथांग, भीम नाला वॉटरफॉल के साथ ही 15,300 फीट की ऊंचाई पर स्थित जीरो पॉइंट और विश्व प्रसिद्ध युमथांग वैली का प्राकृतिक सौंदर्य भी निहारा। इस दौरान एक सदस्य का स्वास्थ्य खराब होने पर सेना के अस्पताल में तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिसकी दल के सदस्यों ने सराहना की। सफर के दौरान सदस्यों ने हाउजी, गीत-संगीत, नृत्य और जन्मदिन समारोह जैसे सामूहिक आयोजनों का आनंद लिया। यात्रा के समापन पर संस्थापक अध्यक्ष जयंतीलाल फाफारिया, यात्रा संयोजक शैलेंद्र बापना और अध्यक्ष नगीन नलवाया ने सभी के सहयोग व अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी यात्राएं सामाजिक एकता और पारिवारिक सौहार्द को मजबूत करती हैं।

# माधव महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी भाग्यशाली- प्रो. कल्पना वीरेंद्र

## पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ समारोह का आयोजन, गुलाब के फूल देकर हुआ स्वागत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह कोई साधारण संस्था नहीं, बल्कि एक अनुपम शिक्षण संस्थान है। मध्य प्रदेश के सबसे पुराने तीन महाविद्यालयों में से यह एक है और इसका इतिहास काफी रोमांचकारी है। आजादी की लड़ाई में भी माधव महाविद्यालय का बड़ा योगदान रहा है।

प्रो. सिंह ने बताया कि इसी संस्था से माधव विज्ञान महाविद्यालय और सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की स्थापना हुई है। ऐसे में यहां प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी भाग्यशाली हैं और उन्हें इस पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन संघर्षों से भरा है और जीवन के प्रति लापरवाही संकट में डाल सकती है। आग में तपकर ही सोना कुंदन बनता है, इसलिए जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करें। भगवान कृष्ण और सुदामा की शिक्षा स्थली के पास स्थित इस परिसर में विरासत संरक्षण के साथ अकादमिक श्रेष्ठता के प्रयास किए जा रहे हैं। यहां कम शुल्क में उत्कृष्ट शिक्षा के साथ परंपरागत और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। समारोह में डॉ. अल्पना उपाध्याय ने शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए विद्यार्थियों को नियमित रूप से महाविद्यालय आने पर जोर दिया। इसके साथ ही अन्य प्राध्यापकों ने भी विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। प्रो. चंद्रकांता तेजवानी ने प्रवेश प्रक्रिया, उपलब्ध पाठ्यक्रम और क्रेडिट सिस्टम की जानकारी दी। प्रो. धर्मेंद्र तिवारी ने अपार आईडी तथा डॉ. ममता पंवार ने पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों व ओपेक के उपयोग के बारे में बताया।

# उज्जैन सीए ब्रांच ने मनाया 78वां स्थापना दिवस, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का दिया संदेश

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विक्रम विवि में किया पौधरोपण, निकाली जागरूकता पदयात्रा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उज्जैन ब्रांच द्वारा 78वां स्थापना दिवस उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व को समर्पित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में सीए सदस्यों, उनके परिजनों और सीए विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

उज्जैन ब्रांच के अध्यक्ष सीए आशीष तोतला ने बताया कि 1 जुलाई 1949 को संसद के अधिनियम के माध्यम से आईसीएआई की स्थापना हुई थी। इसी उपलक्ष्य में देशभर में यह दिवस मनाया जाता है। 1 जुलाई को सुबह टावर चौक से उज्जैन सीए ब्रांच तक लाइफ पहल के अंतर्गत पर्यावरण जागरूकता पदयात्रा निकाली गई। इसका उद्देश्य स्वस्थ और हरित भविष्य के लिए पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने के प्रति समाज को प्रेरित करना था। इसके बाद अवंतिका प्लाजा में स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ-सफाई की गई और सीए ब्रांच परिसर में ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। स्थापना दिवस समारोह की शुरूआत 28 जून को खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ हुई।

इसमें सदस्यों और विद्यार्थियों के लिए इंडोर व आउटडोर स्पधाएं हुईं। 30 जून को प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विक्रम विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। समारोह के समापन अवसर पर सोमवार शाम होटल अथर्वा में सीए सदस्यों और उनके परिजनों के लिए फैमिली गेट-टुगेदर आयोजित हुआ, जिसमें सभी ने उत्साह के साथ सहभागिता की। इन सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने में उज्जैन ब्रांच की मैनेजिंग कमेटी के सीए मनीष राठी, सीए अनीश चौधरी, सीए रितेश तलरेजा, सीए आतुष जैन और सीए आकृत जैन का विशेष योगदान रहा।

# डॉक्टर्स डे पर 141 चिकित्सकों को मिला उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा सम्मान

## भारत विकास परिषद विक्रमादित्य और वेदा हॉस्पिटल ने किया 10वें सम्मान समारोह का आयोजन

### कैंसर और आर्थोपेडिक चिकित्सा में विशेष योगदान देने वाले डॉक्टरों का हुआ बहुमान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

डॉक्टर्स डे के अवसर पर भारत विकास परिषद विक्रमादित्य और वेदा कैंसर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में 10वां उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मौनतीर्थ पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्री सुमनानंद गिरि के सानिध्य में हुए इस समारोह में कैंसर और आर्थोपेडिक चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले 141 चिकित्सकों को सम्मानित किया गया।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अवंतिका यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. मनेष पाटिल, डॉ. संतोष कुमार शर्मा, वरिष्ठ आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. शरद नायक और वेदा हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. संजय गोकुलदास उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद के प्रांतीय संयोजक स्वास्थ्य शिविर भगवान शर्मा ने की। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अजय मंडलोई, संस्था अध्यक्ष डॉ. प्रशांत पाटीदार और मैनेजर दीपेश शर्मा ने बताया कि संस्था बीते 9 वर्षों से चिकित्सा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वाले चिकित्सकों को सम्मानित कर रही है। इसी कड़ी में इस वर्ष यह 10वां आयोजन किया गया। समारोह का संचालन शुभम-डॉ. राहुल नागर और तनु-रुद्रेश शर्मा ने किया। आभार मैनेजर संजीव आचार्य ने माना।

समारोह में डॉ. मयंक पंचोली, डॉ. मनीषा-डॉ. रवि राठौर, डॉ. रश्मि-डॉ. पराग शर्मा, डॉ. विशाल पाटीदार, डॉ. समन्वय गोकुलदास, डॉ. विकास भालेकर, डॉ. दिनकर सप्रे, डॉ. अनिल दुबे, डॉ. राजदीप सिंह बग्गा, डॉ. अर्चिता सिंह बग्गा, डॉ. रूपेश खत्री, डॉ. जितेंद्र शर्मा, डॉ. राहुल नागर, डॉ. सी.पी. पाटीदार, डॉ. सुनील शर्मा, डॉ. सबेरा-डॉ. मुस्तफा सिंगापुरवाला, डॉ. मोहसीन बिलाल, डॉ. स्वप्निल पेंडारकर, डॉ. रजनीश पाटीदार, डॉ. विजय पाटीदार, डॉ. आशीष दुबे, डॉ. सुरेश बैंडवाल, डॉ. योगेश सर्राफ, डॉ. शरद गोवा, डॉ. उमेश शुक्ला, डॉ. हुसैन फ्रीगंजवाला, डॉ. साधना दुबे, डॉ. दीपक फूलवानी, डॉ. सोनू पाटीदार, डॉ. मयंक सोनी, डॉ. समर्थ पाटीदार, डॉ. विजय पाटील, डॉ. पदमसिंह नरवरिया, डॉ. बी.के. मालवीय, डॉ. गिरधर सोनी, डॉ. अमृता सोनी, डॉ. आदित्यवर्धन पाटीदार, डॉ. आनंद यादव, डॉ. आशीष जैन, डॉ. योगेंद्रसिंह भदौरिया, डॉ. लव मेहरा, डॉ. योगेंद्र तिवारी, डॉ. आभास शर्मा, डॉ. प्रवीण पंड्या, डॉ. अर्चना शर्मा, डॉ. ललित शर्मा और डॉ. कपिल शर्मा सहित कैंसर एवं आर्थोपेडिक क्षेत्र के कुल 141 चिकित्सकों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डॉ. गौरव बगड़ा, अजय जागीरदार लाला, शैलेश दुबे, संस्था के सुनील शर्मा, सुभाष पाठक, रुद्रेश शर्मा, शुभम नागर, माया शर्मा, श्वेता पाटील, उषा शर्मा, तनु शर्मा, नीलम पाटीदार, सरिता पाटीदार, आशीष यादव, सुनील सोनी, सागर सक्सेना, तरुण शितोले, अंशुल कोठालकर और संजीव आचार्य मौजूद रहे। साथ ही अवन्तिका शाखा से चिराग शाह व अजय मिश्रा, हरसिद्धि शाखा से रुचिका पचौरी, आरती खरे और पी.सी. व्यास की विशेष उपस्थिति रही।

# उज्जैन में 200 हेक्टेयर में बनेगा विश्वस्तरीय फॉरेस्ट जू

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन


उज्जैन में नवलखी के आरक्षित वन क्षेत्र में लगभग 200 हेक्टेयर में एक विश्वस्तरीय फॉरेस्ट जू विकसित किया जाएगा। वन विभाग के अनुसार, यह देश के सबसे आधुनिक और अनोखे प्राकृतिक फॉरेस्ट जू में से एक होगा, जो पर्यटकों को वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक वातावरण में करीब से देखने का अनुभव प्रदान करेगा। उज्जैन वन मंडल के डीएफओ अनुराग तिवारी ने बताया कि इस जू में 300 से अधिक वन्यजीव प्रजातियों को लाने का प्रस्ताव है। परियोजना की तकनीकी स्वीकृति के लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को भेजे गए प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी मिल चुकी है। अब प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति के लिए प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया है।

यह परियोजना दो चरणों में विकसित की जाएगी। पहले चरण में लगभग 60 हेक्टेयर क्षेत्र में 'इंडिया जोन' बनाया जाएगा। इसमें केवल भारत में पाए जाने वाले वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक वातावरण में प्रदर्शित किया जाएगा। इस जोन में बड़े ड्राइव-थ्रू सफारी क्षेत्र, खुले प्राकृतिक बाड़े और आधुनिक आगंतुक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे पर्यटकों को जंगल जैसा वास्तविक अनुभव मिल सके।

परियोजना के दूसरे चरण में 'फॉरेस्ट ऑफ द वर्ल्ड' थीम पर विकास कार्य होगा। इसमें अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और दक्षिण-पूर्व एशिया के वन्यजीवों को भी शामिल किया जाएगा, जिससे यह जू अंतरराष्ट्रीय स्तर का आकर्षण बन सकेगा।

उज्जैन
शुक्रवार
03
जुलाई, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र


## खबर एक नजर...

### 7 वर्षीय बच्ची से दुकानदार ने की थी हरकत, कोर्ट ने सुनाई 5 साल की सजा

**इंदौर।** घर के पास स्थित दुकान पर आने वाली 7 वर्षीय बच्ची के साथ अनुचित व्यवहार करने के मामले में स्पेशल पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी दुकानदार को दोषी ठहराते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर 15 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। यह फैसला 21वें अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायालय (पॉक्सो अधिनियम) की न्यायाधीश शिप्रा पटेल ने 25 जून को सुनाया, जिसकी अधिकृत जानकारी गुरुवार को दी गई। कोर्ट ने आरोपी सुमित जैन (28), निवासी इंदौर को पॉक्सो अधिनियम की धारा 9(एम)/10 तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 354 के तहत दोषी पाया। शासन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सतीश वर्मा ने पक्ष रखा। अभियोजन के अनुसार, पीड़िता की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी 7 वर्षीय बेटी घर के पास स्थित एक दुकान पर सामान लेने जाती थी। बच्ची ने परिजनों को बताया कि दुकानदार उसके साथ अनुचित व्यवहार करता था और किसी को बताने पर डांट पड़ने की बात कहकर डराता था। परिजनों को जानकारी मिलने के बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की, जिसके आधार पर मामला दर्ज किया गया।

### राजा रघुवंशी मर्डर केस, मेघालय सरकार सोनम की जमानत रद्द कराने सुप्रीम कोर्ट पहुंची

**इंदौर।** इंदौर के बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में अब मेघालय सरकार सोनम की जमानत रद्द कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मेघालय सरकार सोनम की जमानत रद्द कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। इस मामले में कल सुनवाई भी हो सकती है। इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की उसकी ही पत्नी सोनम रघुवंशी ने शिलॉन्ग हनीमून पर लेकर जाकर साथियों के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। इस मामले में शिलॉन्ग पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि सोनम सहित कुछ आरोपी जमानत पर बाहर हैं, जबकि कुछ अभी भी जेल में हैं। सोनम को जमानत मिलने के बाद से राजा रघुवंशी के परिवार में रोष व्याप्त था। वे चाहते हैं कि राजा की हत्या करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। पिछले दिनों सोनम की जमानत रद्द करने के लिए पुलिस ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन वहां से सोनम की जमानत रद्द नहीं हो सकी थी। इसके बाद अब मेघालय सरकार ने सोनम की जमानत रद्द करने के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची है।

### इंदौर में हत्या के गवाह को मारने की धमकी

**इंदौर।** इंदौर में दो अलग-अलग मामलों में जान से मारने और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किए हैं। एक मामले में हत्या के केस के गवाह को कोर्ट में बयान देने के बाद धमकी मिली, जबकि दूसरे मामले में एक महिला वकील को एसिड फेंकने और गोली मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। रावजी बाजार थाना पुलिस ने गाड़ी अड्डा निवासी करण धीमान की शिकायत पर अर्पित धीमान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार करण सेल्समैन का काम करता है और 1 जनवरी 2025 को हुई अपने दोस्त राज कुशवाह की हत्या के मामले में गवाह है। इस हत्या के मामले में प्रतीक धीमान, शुभम फुलेरिया और रोहन वर्मा आरोपी हैं। करण ने पुलिस को बताया कि बुधवार को उसने जिला न्यायालय में इस मामले में गवाही दी थी। शाम को उसके मोबाइल पर एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को आरोपी प्रतीक धीमान का भाई अर्पित बताया। आरोप है कि उसने करण से कहा कि उसने कोर्ट में उसके भाई के खिलाफ गवाही दी है।

### बाइक सवार समेत दोनों की मौत, पुलिस ने शुरू की जांच

**इंदौर।** इंदौर के राऊ थाना क्षेत्र में बुधवार शाम हुए दर्दनाक सड़क हादसे में पैदल सड़क पार कर रहे युवक और तेज रफ्तार बाइक सवार दोनों की मौत हो गई। हादसे के बाद दोनों घायलों को निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार हादसा सेज यूनिवर्सिटी के सामने हुआ। अलीराजपुर जिले के कदावली गांव निवासी 22 वर्षीय नरपत सिंह चौहान शाम को काम खत्म कर घर लौट रहे थे। वह सड़क पार कर रहे थे, तभी राऊ की ओर से तेज रफ्तार में आ रही बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे 22 वर्षीय आयान पुत्र इमरान खान निवासी सोनवाय भी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने दोनों को तत्काल निजी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन रात के दौरान उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नरपत सिंह इलेक्ट्रीशियन का काम करते थे। उनके परिवार में माता-पिता और तीन भाई हैं, जो अलीराजपुर जिले के कदावली गांव में रहते हैं। नरपत की इसी वर्ष शादी हुई थी।

### अस्पताल संचालक के 25 लाख लेकर भागा ड्रायवर

**इंदौर।** लसूडिया थाना क्षेत्र में एक अस्पताल संचालक के घर से उनका ड्राइवर 25 लाख रुपए नकद और कार की चाबी लेकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार निपानिया निवासी मनीष संघवी एबी रोड स्थित एक अस्पताल का संचालन करते हैं। मंगलवार को उन्होंने अस्पताल की करीब 25 लाख रुपए की नकदी अपनी कार में रखी थी, जिसे बैंक में जमा कराने वाले थे। इसी दौरान वे एक जरूरी काम से बाहर चले गए। उनके साथ ड्राइवर दीपक सोलंकी भी था।

---

प्रवर्तन निदेशालय ने भूषण स्टील लिमिटेड से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई

# सिंघल की 58.34 करोड़ की चल-अचल संपत्तियां कुर्क

## नीरज सिंघल की पत्नी रितु की जमीन, आवासीय संपत्ति, शेयर, बैंक खातों पर शिकंजा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

प्रवर्तन निदेशालय ने भूषण स्टील लिमिटेड से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए कंपनी के पूर्व प्रमोटर नीरज सिंघल की पत्नी रितु सिंघल की करीब 58.34 करोड़ रुपए मूल्य की चल एवं अचल संपत्तियां कुर्क कर ली हैं। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत 24 जून 2026 को की गई।

ईडी के अनुसार कुर्क की गई संपत्तियों में मध्यप्रदेश के इंदौर स्थित भूमि और आवासीय संपत्ति का एक हिस्सा शामिल है। इसके अलावा रितु सिंघल के नाम पर मौजूद इक्विटी शेयर और बैंक खातों में जमा राशि भी कुर्क की गई है।




### जिंक इंगट की बिक्री से जुटाई गई नकदी

- ईडी की जांच में सामने आया कि हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड से खरीदे गए जिंक इंगट, जिन्हें भुषण स्टील के संयंत्रों में उपयोग किया जाना था, उन्हें रिकॉर्ड में दर्ज किए बिना खुले बाजार में बेच दिया गया। जांच एजेंसी के अनुसार इससे प्राप्त नकदी का उपयोग विभिन्न पेनी स्टॉक कंपनियों के माध्यम से फर्जी लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन (एलटीसीजी) एंट्री लेने में किया गया।
- जांच में यह भी पाया गया कि संबंधित अवधि में बैंक खातों में बड़ी मात्रा में अघोषित नकदी जमा कराई गई, जिससे कथित वित्तीय अनियमितताओं की पुष्टि हुई।
- **जांच जारी-** ईडी के अनुसार मामले में धन के कथित दुरुपयोग, फर्जी लेनदेन और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े पहलुओं की जांच अभी जारी है। एजेंसी अन्य संबंधित संपत्तियों और वित्तीय लेनदेन की भी पड़ताल कर रही है।

### एसएफआईओ की शिकायत के आधार पर शुरू हुई जांच

ईडी ने यह जांच गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) द्वारा भुषण स्टील लिमिटेड, नीरज सिंघल और अन्य के खिलाफ दर्ज आपराधिक शिकायत के आधार पर शुरू की थी। शिकायत में पीएमएलए के तहत अनुसूचित अपराधों का उल्लेख किया गया था। जांच के दौरान ईडी को पता चला कि नीरज सिंघल और उनके सहयोगियों ने भुषण स्टील से कथित रूप से धन का दुरुपयोग करते हुए वित्तीय संस्थानों को लगभग 11,446.73 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया।

### पहले भी हो चुकी है करोड़ों की संपत्ति कुर्क

- ईडी ने बताया कि इससे पहले भी इस मामले में 8 नवंबर 2021 को 61.38 करोड़ रुपये और 6 मार्च 2024 को 367 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क की जा चुकी हैं।
- एजेंसी ने 8 अगस्त 2023 को अभियोजन शिकायत तथा 7 मार्च 2024 को पूरक अभियोजन शिकायत विशेष पीएमएलए न्यायालय में प्रस्तुत की थी। न्यायालय ने नीरज सिंघल, रितु सिंघल और अन्य आरोपियों के खिलाफ दायर शिकायतों का संज्ञान भी ले लिया है।

---

ड्रेनेज लाइन की खुदाई के बाद सड़क बदहाल

# एसडीए कंपाउंड की सड़क पर फंस रहे वाहन, इंदौर में बारिश में बढ़ीं मुश्किलें

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

बारिश का दौर शुरू होते ही शहर के कई इलाकों में जलभराव और ट्रैफिक जाम की समस्या सामने आने लगी है। वहीं, जिन क्षेत्रों में सड़क निर्माण और अन्य विकास कार्य चल रहे हैं, वहां लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ऐसी ही स्थिति लसूड़िया थाना क्षेत्र के पीछे स्थित एसडीए कंपाउंड में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां अमृत 2.0 योजना के तहत ड्रेनेज लाइन बिछाने का काम चल रहा है। इसके लिए सड़क की खुदाई की गई, लेकिन निकली मिट्टी को हटाने के बजाय सड़क और नालियों के किनारे ही फैला दिया गया। बारिश के बाद यही मिट्टी कीचड़ में बदल गई और नालियां भी अवरुद्ध हो गईं। इसके कारण पानी की निकासी प्रभावित हो रही है, जिससे सड़क पर जलभराव और फिसलन की स्थिति बन गई है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि इससे रोजाना आवागमन में भारी परेशानी हो रही है और हादसे का खतरा भी बढ़ गया है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की हालत पहले से ही खराब थी और बारिश के बाद स्थिति और बिगड़ गई है। कीचड़ और जलभराव के कारण वाहन लगातार फंस रहे हैं। क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है, लेकिन खराब सड़क के कारण उनके टायर कीचड़ में धंस जाते हैं। सड़क पर बढ़ी फिसलन से दोपहिया वाहन चालकों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, कई वाहन क्षेत्र तक पहुंच ही नहीं पा रहे हैं, जिससे यहां स्थित गोदामों के संचालन पर भी असर पड़ रहा है।

### नगर निगम आयुक्त और महापौर से की शिकायत

स्थानीय निवासी सौरभ द्विवेदी ने बताया कि मामले की शिकायत नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल और महापौर पुष्यमित्र भार्गव से की गई है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से अधिकारियों को फोटो और वीडियो भेजकर क्षेत्र की बदहाल स्थिति से अवगत कराया है तथा जल्द से जल्द सड़क और जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

---

# वेस्ट मैनेजमेंट में सहयोग की जताई रूचि



ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

नीदरलैंड के काउंसल जनरल नबील ताउआती दो दिवसीय दौरे पर इंदौर पहुंचे। उन्होंने महापौर पुष्यमित्र भार्गव के निज निवास पर महापौर से मुलाकात की। इसके बाद शहर के विश्वप्रसिद्ध स्वच्छता मॉडल, वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम तथा कचरा प्रसंस्करण (वेस्ट प्रोसेसिंग) की अत्याधुनिक व्यवस्थाओं को डिटेल में जाना।

दौरे के दौरान काउंसल जनरल ने इंदौर में स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों एवं नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि इंदौर ने प्रभावी प्रबंधन और तकनीक के समन्वय से स्वच्छता के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने बताया कि वेस्ट मैनेजमेंट के क्षेत्र में नीदरलैंड के पास अत्याधुनिक तकनीक और विशेषज्ञता उपलब्ध है। डच कंपनियां विशेष रूप से मध्य प्रदेश में वेस्ट प्रोसेसिंग एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम करने की इच्छुक हैं, जिससे इस क्षेत्र में नई संभावनाएं विकसित हो सकें। इस अवसर पर काउंसल जनरल का स्वागत किया गया। उन्हें आश्वस्त किया गया कि मध्य प्रदेश सरकार के संबंधित विभागों एवं मंत्रालय से समन्वय स्थापित कर संभावित तकनीकी सहयोग और निवेश के अवसरों को आगे बढ़ाया जाएगा। दोनों पक्षों ने स्वच्छता, वेस्ट प्रोसेसिंग और आधुनिक तकनीकों के आदान-प्रदान के माध्यम से दीर्घकालिक सहयोग की दिशा में सकारात्मक पहल पर सहमति जताई।

---

# इंजीनियरिंग छात्रा भूमि और निर्मला की डीएनए से हुई पहचान

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

राजस्थान के दौसा के पास हंस ट्रेवल्स की बस की ट्रेलर से टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 22 से अधिक यात्री घायल हुए थे। इस हादसे में इंदौर की इंजीनियरिंग छात्रा भूमि भोरे और अन्नपूर्णा क्षेत्र निवासी निर्मला गुप्ता की भी जान चली गई थी।

गुरुवार को डीएनए जांच के जरिए दोनों शवों की पहचान होने के बाद पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजन को सौंप दिए गए। परिजन गुरुवार शाम शव लेकर राजस्थान से इंदौर के लिए रवाना हो गए। दोनों का अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया जाएगा। दरअसल, मंगलवार को दौसा जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। ऋषिकेश से इंदौर जा रही स्लीपर बस आगे चल रहे ट्रेलर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों में आग लग गई। आग ने कुछ ही मिनटों में पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। भूमि भोरे, सुखलिया निवासी थीं। वह अपनी दो रिश्तेदार युवतियों लीजा और दिशा तथा तीन अन्य युवकों के साथ मसूरी और अन्य पर्यटन स्थलों की यात्रा पर गई थीं। वहीं, निर्मला गुप्ता अपने पति चंद्रप्रकाश गुप्ता के साथ चारधाम यात्रा से लौट रही थीं। दोनों इंदौर लौटने के लिए हंस ट्रेवल्स की बस में सवार थीं, तभी दौसा के पास यह भीषण हादसा हो गया।

भूमि के परिजनों में उनके बड़े पिता, पिता और अन्य रिश्तेदार शव लेने राजस्थान पहुंचे थे। वहीं, निर्मला गुप्ता के परिवार की ओर से उनकी बेटी, दामाद और अन्य परिजन वहां पहुंचे। हादसे के बाद से दोनों परिवार गहरे सदमे में हैं।

---

# कक्षा में पढ़ा रही शिक्षिका को जमीन पर पटका, कुर्सी भी फेंक दी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

अशोकनगर ग्राम देवर्छी स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को पढ़ा रही एक शिक्षिका पर गांव के ही सुमित यादव ने हमला कर दिया। हमला करने पीछे कारण उसके अतिथि शिक्षक चाचा को स्कूल से हटाया जाना रहा। आरोपी ने न सिर्फ शिक्षिका को अपशब्द बोले बल्कि विरोध करने पर उन्हें जमीन पर पटक दिया। शिक्षिका की शिकायत पर पुलिस ने एससी एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया।

मूल रूप से नीमच की रहने वाली 24 वर्षीय पीड़िता मीनू पनेरिया ने पुलिस को बताया कि वह 2023 से इस स्कूल में पदस्थ हैं। बुधवार सुबह करीब 11:30 बजे जब वह कक्षा 6वीं और 8वीं के बच्चों को पढ़ा रही थीं, तभी गांव का सुमित यादव अचानक क्लास में घुस आया। आरोपी आते ही विवाद करने लगा कि मीनू की ज्वाइनिंग की वजह से उसके चाचा पप्पू यादव को अतिथि शिक्षक के पद से हटा दिया गया है। शिक्षिका ने जब अपशब्द बोलने से रोका तो आरोपी सुमित हिंसक हो उठा। उसने शिक्षिका को जोर से धक्का देकर फर्श पर गिरा दिया। जब वह जान बचाकर बाहर भागने लगीं, तो आरोपी ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोपी ने क्लास की कुर्सी उठाकर पटक दी और बाहर खड़ी शिक्षिका की एक्टिवा गाड़ी के मास्क पर पत्थर मारकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। आरोपी सुमित यादव ने शिक्षिका को धमकी दी कि यहां से जल्दी अपना ट्रांसफर करवा लो, वरना किसी दिन जान से मारकर फेंक दूंगा। आरोपी बोला- तुम्हारी ज्वॉइनिंग से मेरे चाचा की नौकरी गई।



### शिक्षक संगठनों में रोष उठी सुरक्षा की मांग

इस घटना के बाद शिक्षक संगठनों में भारी रोष है। कई जगहों पर शिक्षकों ने इस घटना को लेकर ज्ञापन भी दिए। मप्र शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन से मांग है कि ग्रामीण क्षेत्र की शालाओं में अध्यापन कराने वाली शिक्षक, शिक्षिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। पीड़ित शिक्षिका को अन्यत्र पदस्थ किया जाए, जिससे भविष्य में कोई अप्रिय घटना घटित न हो।

---

हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने चीफ जस्टिस को लिखा पत्र, पेंडिंग मामलों पर जताई चिंता


# इंदौर हाईकोर्ट में जजों के रिक्त पद भरने की मांग

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन) इंदौर ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर मप्र हाई कोर्ट इंदौर बेंच में रिक्त न्यायाधीश पदों को शीघ्र भरने की मांग की है। संघ ने कहा है कि न्यायाधीशों की कमी के कारण न्यायिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं और लंबित प्रकरणों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

संघ के अध्यक्ष मनीष यादव व सचिव मनीष गड़कर द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में बताया गया है कि इंदौर बेंच में न्यायाधीशों के लगभग 13 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में केवल 7 न्यायमूर्ति ही कार्यरत हैं।

हाल ही में प्रशासनिक न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति विनोद कुमार द्विवेदी के सेवानिवृत्त होने के बाद न्यायाधीशों की संख्या और कम हो गई है, जिससे न्यायिक व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है। पत्र में दोनों सेवानिवृत्त न्यायमूर्तियों के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा गया है कि उन्होंने न्याय की गरिमा, न्यायिक अनुशासन और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उल्लेखनीय सेवाएं दीं। उनके सेवानिवृत्त होने से उत्पन्न रिक्तता को शीघ्र भरना आवश्यक है, ताकि न्यायिक व्यवस्था प्रभावी और गतिशील बनी रहे।



### कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को भी भेजी प्रति

इस संबंध में भेजे गए पत्र की प्रति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक रूसिया को भी प्रेषित की गई है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने उम्मीद जताई है कि न्यायपालिका के शीर्ष स्तर पर इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा, जिससे अधिवक्ताओं, पक्षकारों और आम नागरिकों को समयबद्ध न्याय मिल सके।


### बढ़ रही है पेंडिंग मामलों की संख्या

बार एसोसिएशन ने पत्र में उल्लेख किया है कि न्यायाधीशों की कमी के कारण मामलों के निराकरण की गति प्रभावित हो रही है। बड़ी संख्या में प्रकरण लंबित हैं और अधिवक्ताओं, पक्षकारों तथा आम नागरिकों को अनावश्यक विलंब का सामना करना पड़ रहा है। इससे त्वरित एवं प्रभावी न्याय की संवैधानिक अवधारणा भी प्रभावित हो रही है।

### शीघ्र नियुक्तियों की मांग

एसोसिएशन ने चीफ जस्टिस से आग्रह किया है कि इंदौर बेंच में स्वीकृत न्यायाधीश पदों पर जल्द नियुक्तियां सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक संवैधानिक एवं प्रशासनिक प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। पत्र में कहा गया है कि रिक्त पदों को भरने से लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे में मदद मिलेगी और न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया को गति मिलेगी।

## नाम बदलकर रीता भारद्वाज रखने के दावे को बता चुकीं झूठ



# उर्फी जावेद कामाख्या देवी मंदिर पहुंचीं, चुनरी के साथ माथे पर लगाया तिलक

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और एक्ट्रेस उर्फी जावेद हाल ही में असम के गुवाहाटी में स्थित प्रसिद्ध कामाख्या देवी मंदिर पहुंचीं। इस दौरान उर्फी अपने सामान्य वेस्टर्न पहनावे से अलग पूरी तरह से पारंपरिक लुक में नजर आईं।

उन्होंने मंदिर में दर्शन की तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की हैं। तस्वीरों में उर्फी पीले रंग का सूट-सलवार पहने और सिर पर दुपट्टा रखे हुए दिख रही हैं। उनके माथे पर मंदिर का सिंदूर और तिलक भी लगा हुआ है। कुछ समय पहले उनके धर्म परिवर्तन की अफवाह पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई थी।




पारंपरिक कपड़ों में किए देवी के दर्शन उर्फी जावेद ने अपने कामाख्या देवी मंदिर दौरे की कई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। मंदिर परिसर में उर्फी ने सादगी से सिर को दुपट्टे से ढक रखा था। उन्होंने मंदिर में पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद माथे पर सिंदूर का तिलक भी लगाया। अपनी पोस्ट के कैप्शन में उर्फी ने लिखा, 'गुवाहाटी में कामाख्या देवी मंदिर के दर्शन किए।' आमतौर पर अपने अलग-अलग आउटफिट्स के लिए चर्चा में रहने वाली उर्फी का यह शांत और धार्मिक रूप पहली बार सामने आया है।

### खुद को नास्तिक बता चुकीं उर्फी

मंदिर के इस दौरे के बाद उर्फी के पुराने बयानों की चर्चा फिर शुरू हो गई है। उर्फी जावेद ने अपने शुरूआती इंटरव्यूज में कई बार कहा था कि वे किसी भी धर्म या रिलिजन में विश्वास नहीं रखती हैं। उन्होंने खुद को नास्तिक बताया था। उन्होंने यह भी कहा था कि वे एक मुस्लिम परिवार में पैदा जरूर हुई हैं, लेकिन वे इस्लाम को नहीं मानती हैं और न ही किसी अन्य धर्म का पालन करती हैं। ऐसे में उनके अचानक मंदिर जाकर पूजा करने पर उनके पुराने बयान चर्चा में आ गए हैं।

धर्म परिवर्तन के दावों पर जताई थी नाराजगी हाल ही में उर्फी जावेद के धर्म बदलने को लेकर सोशल मीडिया पर एक विवाद खड़ा हुआ था। एक जर्नलिस्ट ने दावा किया था कि उर्फी ने अपना धर्म बदलकर हिंदू धर्म अपना लिया है और उन्होंने अपना नया नाम 'रीता भारद्वाज' रख लिया है। इस दावे पर उर्फी जावेद ने कड़ी आपत्ति जताई थी।



# फिल्ममेकर की बेटी के रिसेप्शन में पहुंचे पवन कल्याण

एक्टर और आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण बुधवार को साउथ फिल्ममेकर मेहर रमेश की



बेटी के रिसेप्शन में पहुंचे थे। पवन को देखते ही फैंस की भीड़ लग गई, जिस समय उनकी सिक्योरिटी टीम को भी एक्टर की सुरक्षा के लिए जद्दोजहद करते देखा गया। जैसे ही पवन मंच पर आए, भारी भीड़ जमा होने से रिसेप्शन में पहुंचे गेस्ट के साथ ही धक्का-मुक्की हो गई, जिससे कुछ मेहमान परेशान दिखे। पवन के अलावा साउथ इंडस्ट्री के कई और लोग भी इस शादी में पहुंचे हैं। पवन कल्याण पत्नी पूर्व रशियन मॉडल पत्नी अन्ना लेझनेवा के साथ रिसेप्शन में पहुंचे। उनकी एंट्री के साथ ही वहां मौजूद सभी कैमरामैन उनकी तस्वीरें क्लिक करने आगे बढ़े। इस दौरान पवन कल्याण ने इशारा करते हुए तस्वीरें न लेने के लिए टोका। इसके बाद वो मंच पर पहुंचे, जहां भारी भीड़ जमा हो गई। मंच पर पवन और उनकी पत्नी ने फिल्ममेकर की बेटी को तोहफे दिए। पवन कल्याण को मंच से उतरता देख कई लोग तस्वीर क्लिक करवाने और करने के लिए उतावले हो गए, जिस समय मंच पर मौजूद मेहमान ही धक्का-मुक्की का शिकार हो गए।

# कॉकरोच जनता पार्टी के प्रोटेस्ट पर बोले दिलजीत

## मैं केवल एक कलाकार हूं, नेता नहीं; राजनीति और प्रदर्शनों से मुझे दूर ही रखें

सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ ने सोशल मीडिया पर एक लाइव सेशन के दौरान दिल्ली के जंतर मंतर पर चल रहे कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने साफ किया है कि वे एक कलाकार हैं और उनका राजनीति या किसी भी तरह के प्रदर्शन से कोई लेना-देना नहीं है।



दिलजीत ने फैंस से अपील की है कि उन्हें इन मामलों से दूर रखा जाए। कॉकरोच जनता पार्टी पिछले कुछ समय से नीट पेपर लीक मामले को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रही है।

इंस्टाग्राम लाइव में फैन ने पूछा था सवाल दिलजीत दोसांझ ने बुधवार शाम को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से फैंस के साथ लाइव बातचीत की। इस दौरान एक फैन ने उनसे दिल्ली के जंतर मंतर पर चल रहे प्रदर्शन को लेकर उनकी राय मांगी। इस सवाल का जवाब देते हुए दिलजीत ने कहा, जंतर मंतर कहां है प्रदर्शन के लिए? भाई, मुझे प्रदर्शन जैसी चीजों से दूर ही रखो। मैं एक कलाकार हूं, मैं कोई नेता नहीं हूं।

दिलजीत ने आगे कहा कि उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं है कि लोग उनके बारे में क्या सोचते हैं, लेकिन वे खुद को सिर्फ मनोरंजन की दुनिया तक सीमित रखना चाहते हैं। दुनिया में सब कुछ कभी ठीक नहीं हो सकता लाइव सेशन के दौरान दिलजीत ने गुरु ग्रंथ साहिब की एक पंक्ति ₹नानक दुखिया सब संसार, सो सुखिया जिस नाम अधार₹ का जिक्र किया। उन्होंने कहा, ₹जीवन में सब कुछ कभी ठीक नहीं हो सकता है। इस दुनिया में सब कुछ सही होना मुमकिन नहीं है।₹

इसके बाद उन्होंने विवाद पर सीधे बोलने से बचते हुए मजाकिया अंदाज में कहा, ₹जो लोग प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्हें भी बधाई और जिनके खिलाफ प्रदर्शन हो रहा है, उन्हें भी बधाई। मुझे इस बारे में ज्यादा कुछ पता नहीं है।

# अश्नूर कौर के लग्जरी घर में घुसा बारिश का पानी



बिग बॉस 19 में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस अश्नूर कौर के लग्जरी घर में मुंबई की बारिश का बुरा असर पड़ा है। एक्ट्रेस ने हाल ही में वीडियो जारी कर बताया है कि उनके घर के सामान का काफी नुकसान हुआ है। मुंबई की बारिश का असर सेलेब्स पर भी पड़ रहा है। एक्टर रणदीप हुड्डा ने ट्रैफिक से बचने के लिए मुंह छिपाकर मेट्रो में ट्रेवल किया है। वहीं तमन्ना भाटिया बारिश के मजे उठाती दिखी हैं।

अश्नूर कौर ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें उनके परिवार के लगभग सभी सदस्य और हाउसहेल्प मिलकर घर से पानी निकालने की जद्दोजहद कर रहे हैं।

इस वीडियो के साथ अश्नूर ने लिखा है, मुझे एक इवेंट के लिए निकलना था, और तभी घर पर ये हो गया। मेरे ऊपर लगी हर नजर खुशियों, सफलता और तरक्की में बदल जाए।

### एक्टर रणदीप हुड्डा ने मेट्रो में किया सफर

मुंबई मेट्रो से रणदीप हुड्डा का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो मास्क से चेहरा छिपाए हुए मेट्रो में सफर करते दिखे हैं। उनके साथ टीम के कुछ सदस्य भी शामिल थे। मास्क की वजह से एक्टर आम लोगों की तरह दिख रहे थे। आसपास के लोग भी उन्हें पहचान नहीं सके। एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने हाल ही में ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो जारी किया है, जिसमें वो घर की बालकनी में बारिश में भीगती दिखीं।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ







## जोक्स

एक अंकल ने एक बच्चे से पूछा -
पढ़ाई कैसी चल रही है...?
बच्चे ने जवाब दिया - अंकल, समंदर
जितना सिलेबस है,
नदी जितना पढ़ पाते हैं,
बाल्टी भर याद होता है,
गिलास भर लिख पाते हैं,
चुल्लू भर नंबर आते हैं,
उसी में डूब कर
मर जाते हैं...!

00000

पिता - पेपर कैसा गया...?
बेटा - पहला सवाल छूट गया, तीसरा आता नहीं था,
चौथा करना भूल गया, पांचवां नजर नहीं आया...!
पिता - और सवाल दो...?
बेटा - बस सिर्फ वो ही गलत हो गया...!

## वर्ग पहेली



वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**

1. कथा, गाथा-3
3. भगौना-3
5. पुष्पहार-2
6. वायदा, कसम-2
8. अभिष्ट इच्छापूर्ति, वर-4
11. योग्य, उपयुक्त-3
13. चिंतन, सोच-विचार-3
14. ताश का एक खेल-2
15. संजय दत्त की पहली फिल्म-2
16. चेहरा, शक्ल-3
18. चाकू, खंजर-3
20. उकसाना, चकमा देना-4
23. लक्ष, सौ हजार-2
25. ईश्वर, भगवान-2
26. विदा, गमन-3
27. लेखनी, पेन-3

**ऊपर से नीचे**

1. हुनर, फन-2
2. शांति, वीराना-3
3. चिलमन, ओट, घूंघट-3
4. ज्वालामुखी से निकला गर्म पदार्थ-2
5. माजरा, मुद्दा-3
7. आंगन, बरामदा-3
9. भागना (अंग्रेजी-2)
10. चटपटा, क्षारीय-4
12. कारनामा, करिश्मा-4
16. अच्छे सुर का ज्ञाता-3
17. मालिक, स्वामी-2
19. प्रेम प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
21. बेदखल करना-3
22. फिजूल, व्यर्थ-2
24. गधा, गर्दभ-2
25. एक प्रकार की विदेशी शराब-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 68 | | 5 | | 32 | | 45 | = | 86 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 38 | | 22 | | 31 | | 30 | = | 77 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 10 | | 5 | | 10 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 2 | | 10 | | 20 | = | 10 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 20 | | 19 | | 15 | | 5 | = | [illegible] |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ल | र | ही | दा | उ | प | का | र | इ | आ |
| ज | द | ल | र | आ | क | ह | ब्ब | तें | शा | रा |
| अं | इ | मी | रां | ल | दा | ल | न | र | ला | म |
| जं | कु | अ | झा | वे | ला | क | सी | रि | श | औ |
| जी | ति | श | मे | व | द | स | ब | ज | वी | र |
| र | रं | गं | गा | की | सौ | जं | ध | ती | प | श्या |
| जो | जा | ध | र्मा | जा | प | म | र | की | या | म |
| श | बा | जीं | स | त | क | छ | श | ज | श | द |
| म | स | मि | न | व | न | ज | म | रा | जू | द |
| द | र | ल | म | ह | र | औ | के | स | बी | ना |
| धो | कु | र्बा | नी | र | हे | ज | या | दु | र | क |

शब्दजाल में "प्राण" की दस फिल्मों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

---------------

उपकार, शराबी, नसीब, हीर रांझा, आदमी, जंजीर, कुर्बानी, धर्मा, गंगा की सौगंध, राम और श्याम

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | 4 | 3 | | | |
| | 34 | | 30 | | 28 | 2 |
| 7 | | 1 | 6 | | 5 | 4 |
| | 25 | | 33 | 6 | 41 | |
| 1 | 3 | 2 | | 5 | 7 | |
| | 28 | 5 | 33 | | 38 | 3 |
| 4 | | | 6 | | 2 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | + | 53 | - | 2 | - | 4 | = | 71 |
| + | ■ | - | ■ | + | ■ | x | ■ | - |
| 66 | - | 43 | + | 4 | - | 5 | = | 22 |
| - | ■ | x | ■ | - | ■ | + | ■ | - |
| 45 | x | 1 | - | 5 | + | 4 | = | 10 |
| - | ■ | x | ■ | + | ■ | - | ■ | + |
| 20 | + | 2 | x | 4 | - | 20 | = | 20 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 25 | - | 20 | + | 5 | - | 4 | = | [illegible] |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 2 | 34 | 7 | 30 | 4 | 28 | 2 |
| 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 1 |
| 3 | 30 | 6 | 32 | 6 | 39 | 5 |
| 1 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 5 | 28 | 5 | 33 | 7 | 38 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 7 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकू नवताल-

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

### नाइट राइडर्स ग्रुप का अमेरिका में बना स्टेडियम

# शाहरुख खान के वीडियो में पाकिस्तानी मूल के क्रिकेटर भी नजर आए



**शाहरुख खान के नाइट राइडर्स ग्रुप और मेजर लीग क्रिकेट ने मिलकर अमेरिका में 'नाइट राइडर्स क्रिकेट ग्राउंड' बनाया है। यह स्टेडियम कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स काउंटी के पोमोना शहर में स्थित फेयरप्लेक्स में बनाया गया है।**

यह लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स का घरेलू मैदान होगा, जिसे मात्र 100 दिनों में तैयार किया गया। स्टेडियम के बनने के बाद इंस्टाग्राम पर शाहरुख खान ने लिखा, जो एक सपना था, वह आज हकीकत बन गया है। लॉस एंजिल्स के नाइट राइडर्स क्रिकेट ग्राउंड में आप सभी का स्वागत है। उन्होंने कहा कि यह मैदान क्रिकेट के साथ-साथ मनोरंजन, परिवारों और यादगार पलों के लिए बनाया गया है। उन्होंने इस प्रोजेक्ट में सहयोग के लिए क्रिउ चेयरमैन जय शाह और उएड संजोग गुप्ता का धन्यवाद दिया।

शाहरुख ने कहा कि यह क्रिकेट ग्राउंड सिर्फ लॉस एंजिल्स के लोगों के लिए नहीं, बल्कि दुनिया भर के क्रिकेट फैंस और पूरे नाइट राइडर्स परिवार के लिए समर्पित है। उन्होंने अपना मैसेज बिलीव इन पर्पल एंड गोल्ड भी दोहराया।



### वीडियो में क्रिकेटर अली खान भी नजर आए

शाहरुख द्वारा शेयर किए गए वीडियो में पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी क्रिकेटर अली खान नजर आए। अली खान का जन्म पाकिस्तान में हुआ था और वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका की टीम के लिए खेलते हैं। वह टछउ में लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स का भी हिस्सा हैं। वीडियो में वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो और सुनील नरेन भी दिखाई दिए। यह स्टेडियम लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। यह आगामी ओलिंपिक मैचों की मेजबानी के लिए एक प्रमुख वेन्यू माना जा रहा है। गल्फ न्यूज के मुताबिक, इस मैदान के मुख्य स्क्वायर पर 8 विकेट (पिच) तैयार की गई हैं। इसमें क्रिउ के नियमों के मुताबिक बाउंड्री और 120 फीट ऊंचे छह फ्लडलाइट टावर्स लगाए गए हैं।

## कौन हैं अली खान?



**पूरा नाम:** मोहम्मद अहसान अली खान

**जन्म:** 13 दिसंबर 1990, अटॉक (पाकिस्तान)

**19** साल की उम्र में परिवार के साथ अमेरिका पहुंचे

**रोल:** राइट-आर्म फास्ट बॉलर

**2019** से USA क्रिकेट टीम का हिस्सा

**2020** में IPL में KKR ने खरीदा, लेकिन डेब्यू नहीं हुआ

**2023** से LAKR के लिए खेल रहे हैं

**ट्रिनबागो नाइट राइडर्स और अबू धाबी नाइट राइडर्स का भी हिस्सा रह चुके हैं**

### अमेरिका की प्रोफेशनल T20 क्रिकेट लीग

CRICKET MLC

शुरुआत 2023

कुल टीमें 6

4 टीमों का मालिकाना हक IPL की फ्रेंचाइजी के पास है

**MLC की टीमें**

- टेक्सास सुपर किंग्स (CSK)
- MI न्यूयॉर्क, (MI)
- लॉस एंजेलिस नाइट राइडर्स (KKR)
- सिएटल ऑर्कास (DC)
- सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स
- वाशिंगटन फ्रीडम

*नोट: ब्रैकेट में उस IPL टीम का नाम है, जिसकी फ्रेंचाइजी MLC टीम की भी मालिक है।*

### रिपोर्ट- अमेरिका ने ईरान को इजराइली साजिश की चेतावनी दी

# बातचीत में शामिल अराघची और गालिबाफ की हत्या कर सकता था इजराइल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका-ईरान के बीच अप्रैल में शुरू हुई बातचीत के दौरान अमेरिका को डर था कि इजराइल, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची और संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबाफ को निशाना बना सकता है। इसी वजह से अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट के कुछ सहयोगी देशों के जरिए तेहरान को सतर्क रहने का संदेश भिजवाया।

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका को डर था कि अगर दोनों वातार्कारों की हत्या हुई तो युद्धविराम और शांति प्रक्रिया टूट जाएगी। उस समय ट्रम्प प्रशासन होर्मुज स्ट्रेट खोलने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर समझौते की कोशिश कर रहा था।

रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में होने वाली एक बैठक से पहले भी ईरान को हमले का खतरा था। इसी कारण पाकिस्तान ने ईरानी प्रतिनिधिमंडल के विमान को फाइटर जेट की सुरक्षा में इस्लामाबाद तक पहुंचाया। लौटते समय भी सुरक्षा अलर्ट मिलने पर विमान की मशहद में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई और डेलिगेशन सड़क के जरिए तेहरान पहुंचा। इजराइल की ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई को जान से मारने की धमकी के बाद देश में परमाणु नीति बदलने की मांग उठी है। ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रवक्ता इब्राहिम रेजाई ने कहा कि मौजूदा हालात में ईरान को अपनी परमाणु नीति और अमेरिका के साथ हुए मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग की शर्तों की समीक्षा करनी चाहिए। रेजाई ने कहा कि समझौते के अनुच्छेद-8 के तहत ईरान ने परमाणु हथियार नहीं बनाने का वादा किया था।




### खामेनेई के ताबूत पर लाल झंडा रखा गया

खामेनेई के विदाई समारोह के दौरान उनके ताबूत पर मशहद स्थित इमाम रजा दरगाह का लाल झंडा रखा गया। यह झंडा शिया परंपरा में शहादत, बलिदान और अन्याय के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक माना जाता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, यह प्रतीक इमाम हुसैन की करबला में हुई शहादत से जुड़ा है। ईरानी नेतृत्व खामेनेई की मौत को भी उसी तरह की शहादत के रूप में पेश कर रहा है। खामेनेई का अंतिम संस्कार 9 जुलाई को मशहद स्थित इमाम रजा दरगाह परिसर में किया जाएगा। जंग शुरू होने के बाद इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के कार्यवाहक कमांडर अहमद वहीदी पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आए। वे गुरुवार शाम तेहरान में पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई को श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

# शख्स ने खुद को आग लगाई, अस्पताल में मौत

### तिब्बती झंडे के साथ यूएन हेडक्वार्टर पहुंचा था, पुलिस ने जांच शुरू की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन



अमेरिका के न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के बाहर गुरुवार को एक 52 वर्षीय व्यक्ति ने खुद को आग लगा ली। उसके हाथ में तिब्बती झंडा था। सूचना मिलने पर पुलिस और इमरजेंसी टीम मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से झुलसे व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

न्यूयॉर्क पुलिस विभाग ने बताया कि फिलहाल यह साफ नहीं है कि व्यक्ति ने यह कदम क्यों उठाया। मामले की जांच की जा रही है। मृतक की पहचान अभी सार्वजनिक नहीं की गई है, क्योंकि उसके परिजनों को पहले सूचना दी जानी है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता ने बताया कि घटना के वक्त सभी आधिकारिक बैठकें खत्म हो चुकी थीं। इसलिए वठ के नियमित कामकाज पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मृतक की पहचान उसके एक दोस्त ने लोबगा रांगजेन के रूप में की है। बताया गया है कि वह करीब 20 साल से अमेरिका में रह रहा था। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मौके पर सामने आए वीडियो में व्यक्ति पारंपरिक बौद्ध भिक्षु जैसे वस्त्र पहने दिखाई देता है। उसने पहले फुटपाथ पर तिब्बती झंडा रखा और फिर खुद को आग लगा ली। आग लगने के बाद एक मिनट से भी कम समय में वह सड़क पर गिर पड़ा। घटना के बाद पुलिस ने पूरे इलाके को घेर लिया। मौके से चाइना आउट ऑफ तिब्बत लिखे पर्चे भी बरामद किए गए।

### तिब्बत को लेकर लंबे समय से विवाद




चीन का कहना है कि तिब्बत 13वीं सदी के मध्य से उसका हिस्सा है और 1951 से वहां चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का शासन है। वहीं कई तिब्बती मानते हैं कि वे लंबे समय तक प्रभावी रूप से स्वतंत्र रहे और चीन उनकी सांस्कृतिक पहचान को खत्म करने के साथ-साथ संसाधनों से समृद्ध इस क्षेत्र का दोहन करना चाहता है। चीन तिब्बत की निर्वासित सरकार सेंट्रल तिब्बतन एडमिनिस्ट्रेशन को मान्यता नहीं देता। साथ ही 2010 के बाद से दलाई लामा के प्रतिनिधियों के साथ उसकी कोई औपचारिक बातचीत नहीं हुई है। फ्री तिब्बत अभियान चलाने वाले संगठन के मुताबिक, 2009 से अब तक 150 से ज्यादा तिब्बती चीनी शासन के विरोध में आत्मदाह कर चुके हैं। संगठन का कहना है कि कई प्रदर्शनकारियों ने दलाई लामा की वापसी, पंचेन लामा की रिहाई और तिब्बत में ज्यादा मानवाधिकार व आजादी की मांग वाले नारे लगाए थे।

### कीव पर रूसी ड्रोन-मिसाइल हमले में कम से कम 20 की मौत, कई रिहायशी इलाकों में तबाही

रूस ने गुरुवार तड़के यूक्रेन की राजधानी कीव पर बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमला किया। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक हमले में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि बच्चों समेत बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। शहर के कई रिहायशी इलाकों में आग लग गई और इमारतों, वाहनों व अन्य नागरिक ढांचों को भारी नुकसान पहुंचा। कीव के मेयर विताली क्लिचको ने बताया कि मृतकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अधिकारियों के अनुसार कई इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। रातभर ड्रोन, क्रूज मिसाइल और बैलिस्टिक मिसाइलों के धमाकों से पूरा शहर दहलता रहा। हमले से कुछ घंटे पहले राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा था कि खुफिया एजेंसियों को रूस की ओर से बड़े हमले की तैयारी की जानकारी मिली है। उन्होंने नागरिकों से सतर्क रहने और अपने परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की थी।

### यॉर्क की एम्पायर स्टेट बिल्डिंग पर चढ़ा कपल, प्रपोज किया; दोनों गिरफ्तार



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक कपल सुरक्षा व्यवस्था को चकमा देकर एम्पायर स्टेट बिल्डिंग की चोटी पर चढ़ गया।

दोनों ने वहां व्हेन द पावर ऑफ लव बीट्स द लव ऑफ पावर, द वर्ल्ड नोज पीस₹ लिखा बैनर लहराया और फिर एक-दूसरे को प्रपोज किया। इस पूरी घटना की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। इसके बाद पुलिस और इमरजेंसी सर्विस के जवान सीढ़ियों के जरिए दोनों तक पहुंचे और उन्हें सुरक्षित नीचे उतारा। एंजेला निकोलाउ और इवान कुजनेत्सोव के खिलाफ सेंधमारी, अवैध घुसपैठ, लापरवाही से जान खतरे में डालने और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस अब यह जांच कर रही है कि दोनों प्रतिबंधित इलाके तक कैसे पहुंचे। यह कपल पहले भी ऊंची इमारतों पर खतरनाक स्टंट करने के लिए जाना जाता है और इन पर 2024 में स्काईवॉकर्सः अ लव स्टोरी नाम की डॉक्यूमेंट्री भी बन चुकी है।

# मोदी बोले- सुजुकी दो-तिहाई कारें भारत में बना रही

### जापान की मदद से देश में खाद के 1000 कारखाने लगेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत और जापान ने आर्थिक साझेदारी को नई रफ्तार देने का फैसला किया है। भारत-जापान जॉइंट इकोनोमिक फोरम में प्रधानमंत्री मोदी ने जापानी कंपनियों की दिक्कतें दूर करने के लिए 'जापान बिजनेस वीक' शुरू करने का ऐलान किया। इसके तहत ढटड के सीनियर अधिकारी सीधे जापानी निवेशकों से बातचीत करेंगे।

मोदी ने कहा कि आज दुनिया में बिकने वाली सुजुकी की दो-तिहाई कारें भारत में बन रही हैं और इन्हें 100 से ज्यादा देशों में निर्यात किया जा रहा है। जापानी पीएम साने ताकाइची ने कहा कि जापान के सहयोग से देश में करीब 1000 खाद (फर्टिलाइजर) कारखाने लगाए जाएंगे। दोनों देशों ने अगले 10 साल में भारत में 10 ट्रिलियन येन के जापानी निवेश का लक्ष्य भी रखा है। पीएम मोदी और जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने हरियाणा के खरखौदा में मारुति सुजुकी के चौथे वाहन निर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया। अपने संबोधन की शुरूआत में पीएम मोदी ने साने ताकाइची को अपनी 'छोटी बहन' कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत और जापान की तकनीक, निवेश और उत्पादन क्षमता का मेल दोनों देशों के साथ-साथ पूरी दुनिया के लिए भी फायदेमंद साबित होगा।

भारत-जापान जॉइंट इकोनॉमिक फोरम में 129 समझौता ज्ञापनों (टङ्खव२) का ऐलान किया गया। इन समझौतों का मकसद दोनों देशों के बीच निवेश, उद्योग, मैन्युफैक्चरिंग, तकनीक, कौशल विकास और सप्लाई चेन सहयोग को मजबूत करना है।

इसके साथ ही, भारत में 2 ट्रिलियन जापानी येन 1.18 लाख करोड़ रुपए से अधिक के भारी निवेश की घोषणा की गई है।

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना की पहले अनुमानित लागत करीब 2 लाख करोड़ है। इसमें से लगभग 88 हजार करोड़ जापान दे रहा है। यह पैसा जापान की सरकारी एजेंसी बेहद सस्ती शर्तों पर दे रही है। इस कर्ज पर सिर्फ 0.1% सालाना ब्याज लगेगा, इसे चुकाने के लिए 50 साल मिलेंगे और पहले 15 साल तक किस्त नहीं देनी होगी। जापान अब तक इस परियोजना के लिए 1,150 अरब येन (करीब 55 हजार करोड़) मंजूर कर चुका है। इसके अलावा वह बुलेट ट्रेन की शिंकानसेन तकनीक, ट्रेनिंग और तकनीकी विशेषज्ञता भी भारत को उपलब्ध करा रहा है।

सुजुकी दुनिया में हर साल करीब 30 लाख (3 मिलियन) कारें बनाती है। इनमें से लगभग 20 लाख (2 मिलियन) कारें अकेले भारत में बनती हैं। यानी कंपनी की हर 3 में से 2 कारें (करीब 66%) भारत में तैयार होती हैं।

भारत में ये कारें मारुति सुजुकी के हरियाणा और गुजरात के प्लांट में बनती हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में मारुति सुजुकी ने 20 लाख से अधिक कारों का उत्पादन किया और 3.32 लाख से ज्यादा कारें 100 से अधिक देशों में निर्यात कीं।




### भारत के साथ मिलकर हर तरह की धमकी का करेंगे सामना

जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने कहा कि भारत और जापान एशिया की दो बड़ी लोकतांत्रिक ताकतें हैं। दोनों देश मिलकर कानून का सम्मान बनाए रखेंगे और किसी भी तरह की धमकी, दबाव या ताकत के दम पर हालात बदलने की कोशिशों का मिलकर विरोध करेंगे।

■ वर्ष-12 अंक-240 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

भज गोविन्दं भज गोविन्दं, गोविन्दं भज मूढ़मते।
संप्राप्ते सन्निहिते काले, न हि न हि रक्षति डुकृङ्‌ करणे॥

**भावार्थ** : हे मोह से ग्रसित बुद्धि वाले मित्र, गोविंद को भजो, गोविन्द का नाम लो, गोविन्द से प्रेम करो क्योंकि मृत्यु के समय व्याकरण के नियम याद रखने से आपकी रक्षा नहीं हो सकती है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 03 जुलाई, 2026

श्रीर्वर्चस्वमायुष्यमारोग्यमाविधाच्छोभमानं महीयते।
धनं धान्यं पशुं बहुपुत्रलाभं शतसंवत्सरं दीर्घमायुः॥

**भावार्थ** : भगवती महालक्ष्मी मानव के लिये ओज, आयुष्य, आरोग्य, धन-धान्य, पशु, अनेक पुत्रों की प्राप्ति तथा सौ वर्ष के दीर्घ जीवन का विधान करें और मानव इनसे मण्डित होकर प्रतिष्ठा प्राप्त करे।

## सम्पादकीयम्

### निर्वाचनआयोगस्य विश्वसनीयतायाः

बोधयन् परन्तु वास्तविकता एषा यत् एसआईआर-प्रक्रियायाः कारणेन महत्त्वपूर्णः विवादः उत्पन्नः अस्ति। नामविलोपनस्य विषये विपक्षेण अनेके आरोपाः उत्थापिताः सन्ति। पश्चिमबङ्गदेशे आयोगस्य सत्ताधारी तृणमूलकाङ्ग्रेसस्य च मध्ये विशेषतया टकरावः स्पष्टः अभवत्। बङ्गदेशे टकरावः- यदा मुख्यनिर्वाचनआयुक्तः सज्जतायाः समीक्षां कर्तुं कोलकातानगरम् आगतः तदा तस्य विरोधानां सामना अभवत्। मुख्यमन्त्री ममता बनर्जी अद्यैव मतदातानां नाम लोपयितुं आरोपं कृत्वा धर्नाविरोधं कृतवती आसीत्। सर्वोच्चन्यायालयेन अपीलीयन्यायालयस्य स्थापनायाः निर्देशः जारीकृतः ततः परमेव सा विरोधं स्थगितवती। राज्ये एसआईआरतः प्रायः ६३.६६ मिलियनं नामानि निष्कासितानि, ६० लक्षं तः अधिकाः प्रकरणाः समीक्षायाः लम्बिताः सन्ति। सीईसीविरुद्धं प्रस्तावः। निर्वाचनआयोगस्य विश्वसनीयतायाः विषये सम्प्रति तीव्रपरीक्षा अस्ति। सीईसी ज्ञानेशकुमारस्य विरुद्धं अविश्वासप्रस्तावः विपक्षस्य विश्वासस्य पूर्णतया भङ्गस्य संकेतं ददाति। एषः प्रस्तावः टीएमसी-द्वारा प्रस्तावितः, १९३ सांसदैः हस्ताक्षरितः च, यत् सूचयति यत् विपक्षः एकीकृतः दृश्यते-कमपि अस्मिन् विषये। प्रस्तावे बिहार-एसआईआर-प्रकरणस्य उद्धरणं कृत्वा आरोपः अस्ति यत् सीईसी विशिष्टराजनैतिकदलस्य हिताय कार्यं करोति।

### २०२६ तमे वर्षे श्रावणीमेलायां बाबाबैद्यनाथधामं बासुकीनाथमन्दिरं

# गच्छन्तीनां लक्षशः कांवरियानां यात्रा पूर्वस्मात् अपेक्षया सुरक्षिता

ब्रह्मास्त्र ›› देवधर



२०२६ तमे वर्षे श्रावणीमेलायां बाबाबैद्यनाथधामं बासुकीनाथमन्दिरं च गच्छन्तीनां लक्षशः कांवरियानां (तीर्थयात्रिकाणां) यात्रा पूर्वस्मात् अपेक्षया सुरक्षिता, सुविधाजनकश्च भविष्यति। भारतस्य राष्ट्रियराजमार्गप्राधिकरणेन राष्ट्रियराजमार्ग-११४ए इत्यस्य बासुकीनाथ-देवघरखण्डे बृहत्परिमाणेन निर्माणकार्यं त्वरितम् अभवत्, यत्र मार्गसुरक्षायाः यात्रिकाणां सुविधानां च प्राथमिकता कृता अस्ति प्रायः ४५.१५९ किलोमीट दीर्घस्य अस्याः चतुःलेनपरियोजनायाः कार्यं युद्धपदे प्रचलति, यस्य उद्देश्यं श्रावणीमेलातः पूर्वं बहुधा सज्जा भवतु इति

परियोजनायाः विशिष्टं विशेषता कांवरियायात्रिकाणां कृते निर्मितः समर्पितः पटलः अस्ति। एनएचएआइ अस्मिन् मार्गे ३६.०४४ किलोमीट दीर्घं ३.५ मीर्ट विस्तृतं च विशेषं पदयात्रीमार्गं विकसयति। एकदा एषः पटलः सम्पन्नः जातः चेत् कांवरियानां गतिः सामान्यवाहनयानयानं च पूर्णतया पृथक्कृतं भविष्यति। एतेन मार्गदुर्घटनानां जोखिमः न्यूनीकरिष्यते, श्रावणीमेलायां सामान्यतया भवति दीर्घकालीनजामस्य निवारणं च भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति

यात्रां अधिकं सुव्यवस्थितं कर्तुं परियोजनायां कुलम् प्रायः २८.६७७ किलोमीर्ट दीर्घतायाः बाईपासस्य निर्माणं समावेशितम् अस्ति। एतेषु बासुकीनाथ, सहारा, तलझारी, घोरमारा, देवघर इत्यत्र बाईपासाः सन्ति। तदतिरिक्तं स्थानीयवाहनानां, भारीनां च वाहनानां निर्बाधगतिः सुनिश्चित्य सेवामार्गाः, स्लिपमार्गाः, उड्डयनमार्गाः, रेलओवरसेतुः, अण्डरपासः इत्यादीनां आधुनिकमूलसंरचनानां विकासः क्रियते

एनएचएआई-अधिकारिणां मते श्रावणीमेलायाः आरम्भात् पूर्वं सम्पूर्णमार्गस्य विशेषमरम्मतं भविष्यति। मार्गं पूर्णतया गड्ढारहितं कर्तुं, कुशलजलनिकासीव्यवस्थानां स्थापनायां, सुरक्षितरात्रौ यात्रायै परावर्तकचिह्नानि, सुरक्षाबाधानि, दिशानिर्देशचिह्नानि च स्थापयितुं, स्वच्छतासुनिश्चितौ च विशेषं ध्यानं दीयते। उद्देश्यं भक्तानां कृते सम्पूर्णमार्गे सुरक्षितं निर्विघ्नं च यात्रानुभवं प्रदातुं भवति। अधिकारिणः कथयन्ति यत् एकवारं चतुर्लेनपरियोजना सम्पन्नं जातं चेत् प्रमुखधार्मिकपर्यटनस्थलेषु-यथा बाबाबैद्यनाथधाम्, बासुकीनाथमन्दिरं, त्रिकुटपर्वतं च-पर्यन्तं प्रवेशः पूर्वापेक्षया महत्त्वपूर्णतया सुलभः भविष्यति। एतेन न केवलं देशस्य विदेशेभ्यः च आगच्छन्तः तीर्थयात्रिकाः लाभं प्राप्नुयुः अपितु संथालपर्गनाक्षेत्रे पर्यटनं, स्थानीयव्यापारं, आर्थिकक्रियाकलापं च नूतनं गतिं प्राप्स्यति।

प्रतिवर्षं श्रावणीमेलायां लक्षशः तीर्थयात्रिकाः पदातिरूपेण बाबाबैद्यनाथधामं गच्छन्ति, सुल्तानगञ्जे संगृहीतगङ्गायाः पवित्रजलं वहन्ति। अस्मिन् सन्दर्भे एनएचएआई परियोजना काँवरयात्रां सुरक्षितं, अधिकं संगठितं, अधिकं सुविधाजनकं च कर्तुं महत्त्वपूर्णं कदमम् इति मन्यते।

### धर्मस्य आडम्बरेण

## नकलीचिकित्सायाः कृष्णजादूस्य च आरोपानाम् उपरि छापा

ब्रह्मास्त्र ›› तिरुवनन्तपुरम्

केरलस्य कथितनकलीचिकित्साविषये, धर्मस्य नामधेयेन कालाजादूप्रथायाः च शिकायतया पुलिस-स्वास्थ्यविभागयोः संयुक्तदलेन एकस्मिन् गृहे छापा मारिता। कतिपयघण्टानां यावत् चलितस्य अभियानस्य कालखण्डे अधिकारिणः विविधानि वस्तूनि, शङ्कितं प्रशिक्षणप्रमाणपत्रं च बरामदं कृतवन्तः। परन्तु प्रारम्भिक अन्वेषणेन आरोपानाम् प्रमाणीकरणार्थं ठोससाक्ष्यं न प्राप्तम्। अस्य विषये विस्तृतं अन्वेषणं प्रचलति।

अधिकारिणां मते चेरकलानगरस्य शिहाबुद्दीनफैजी इत्यस्य निवासस्थाने एषा छापा कृता। शनिवासरे प्रातः ८:०० वादनस्य समीपे स्थानीयपुलिसस्य स्वास्थ्यविभागस्य च अधिकारिभिः एतत् अभियानं आरब्धम्, तथा च एतत् कतिपयानि घण्टानि यावत् अचलत्। अस्मिन् संयुक्तकार्यक्रमे वरिष्ठस्वास्थ्याधिकारिणः औषधनिरीक्षकाः च भागं गृहीतवन्तः।

मुख्यमन्त्री प्रति प्रस्तूयमाणायाः शिकायतया आधारेण एषा कार्यवाही कृता इति पुलिसैः उक्तम्। शिकायतां सम्बन्धितपुलिसस्थानकं प्रति प्रेषितस्य अनन्तरं पुलिसैः स्वास्थ्यविभागाय सूचना दत्ता, संयुक्तानुसन्धानस्य योजना च कृता। अन्वेषणकाले अधिकारिणः मधु, जलं, अनेकाः पुटाः, अन्ये च पदार्थाः प्राप्तवन्तः, ये परीक्षणार्थं जप्ताः। तदतिरिक्तं, एकसप्ताहस्य कल्याणप्रशिक्षणपाठ्यक्रमस्य प्रमाणपत्र-कथितरूपेण नकली-गृहे भित्तिषु प्रदर्शितं प्राप्तम्; एतत् अपि अन्वेषणस्य व्याप्तेः अन्तर्गतं आनीतम् अस्ति। पुलिसाधिकारिणः अवदन् यत् अद्यावधि अन्वेषणेन नकलीचिकित्सायाः अथवा कृष्णजादूयाः आरोपस्य पुष्ट्यर्थं ठोससाक्ष्यं न प्राप्तम्। परन्तु जप्तसामग्रीणां दस्तावेजानां च परीक्षणं क्रियते, प्रकरणस्य सवेषां पक्षानां अन्वेषणं च क्रियते।

## प्रत्यक्षविमानयानानां आवृत्तिः सप्ताहे केवलं चतुर्दिनानि

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

इदानीं जबलपुर-नवी-मुम्बई-योः मध्ये, तथैव जबलपुर-बेङ्गलूरु-योः मध्ये प्रत्यक्षविमानयानानां आवृत्तिः सप्ताहे केवलं चतुर्दिनानि यावत् न्यूनीकृता अस्ति नूतनकार्यक्रमानुसारं जबलपुर-नवीमुम्बई-नगरयोः मध्ये मंगलवासरे, शुक्रवासरे, शनिवासरे, रविवासरे च विमानयानानि प्रचलन्ति। बेङ्गलूरु-जबलपुर-मार्गे सोमवासरे, बुधवासरे, शनिवासरे, रविवासरे च विमानयानानि प्रचलन्ति। सप्ताहस्य अवशिष्टेषु दिनेषु एतयोः नगरयोः प्रत्यक्षविमानसेवा न प्राप्यते। विमानयानस्य न्यूनतायाः कारणेन नियमितयात्रिकाणां, व्यापारिणां, छात्राणां, कार्यरतव्यावसायिकानां च कृते कष्टानि भविष्यन्ति इति अपेक्षा अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : सेहत के लिहाज से, हेल्दी लाइफस्टाइल बनाए रखने से आपका एनर्जी लेवल अच्छा रहेगा।

**वृषभ** : आज के दिन संतुलन और विकास पर ध्यान केंद्रित करने का समय है। व्यावसायिक सफलता मिलेगी।

**मिथुन** : व्यक्तिगत संबंधों की बात करें तो खुद की सुनें। याद रखें, छोटे कदम महत्वपूर्ण बदलाव ला सकते हैं।

**कर्क** : आपका ध्यान वर्क लाइफ बैलेंस बनाए रखने पर होना चाहिए। आराम के लिए समय को प्राथमिकता दें।

**सिंह** : वित्तीय रूप से, यह आपके खर्च और बचत की आदतों पर गौर करने का ये अच्छा समय है।

**कन्या** : आज के दिन अपने निजी और पेशेवर जीवन में संतुलन पर ध्यान देना चाहिए। ड्राइव करते वक्त सावधान रहें।

**तुला** : वित्तीय रूप से स्टेबिलिटी बनाने के लिए सावधानी बरतें। करीबियों के साथ अपने कनेक्शन को मजबूत होते हुए पा सकते हैं।

**वृश्चिक** : आपका वित्तीय दृष्टिकोण बेहतर होगा, लेकिन योजना बनाना और उसके अनुसार बजट बनाना बुद्धिमानी होगी।

**धनु** : रिश्तों को स्ट्रॉंग बनाने के लिए ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। यह आगे बढ़ने और नए अवसरों की खोज करने का समय है।

**मकर** : वित्तीय संतुलन बनाए रखने और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने पर आपको फोकस करना चाहिए।

**कुंभ** : पेशेवर तौर पर तनाव को मैनेज करना और कार्यों को प्रभावी ढंग से प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है।

**मीन** : प्यार के मामलों में, संचार बंधन को मजबूत करने की कुंजी होगी। आर्थिक स्थिति भी अच्छी रहने वाली है।


## ज्योतिष/वास्तु

# शुक्र-केतु का महासंयोग, 4 जुलाई के बाद से इन राशियों को मिलेगा भाग्य का जबरदस्त साथ और होगी धन वृद्धि

जुलाई के महीने में शुक्र सिंह राशि में प्रवेश करेंगे, जहां पर पहले से केतु विराजमान है। इस तरह से सिंह राशि में शुक्र-केतु की युति बनेगी, जिससे कुछ राशि वालों को अच्छा फायदा होगा।

जुलाई का महीना ज्योतिषीय गणनाओं के हिसाब से बहुत ही महत्वपूर्ण रहने वाला है। जुलाई के महीने में कई ग्रहों का राशि परिवर्तन और उनकी चाल में बदलाव देखने को मिलेगा। आपको बता दें 4 जुलाई 2026 को शुक्र सिंह राशि में प्रवेश करेंगे, जहां पर पहले से केतु विराजमान हैं। ऐसे में सिंह राशि में शुक्र-केतु का संयोग देखने को मिलेगा। ज्योतिष में शुक्र ग्रह को भौतिक सुख, प्रेम, सौंदर्य, धन, भोगविलास और कला आदि के कारक हैं, वहीं केतु को ज्योतिष में आध्यात्म और वैराग्य कारक माना जाता है। ऐसे में भोगविलास के कारक ग्रह और वैराग्य के कारक ग्रह की युति कुछ राशि वालों के लिए बहुत ही शुभ साबित होगा सकता है।

वैदिक पंचांग के अनुसार, धन के दाता ग्रह शुक्र 4 जुलाई को सिंह राशि में प्रवेश करेंगे, जहां पर पहले से केतु ग्रह विराजमान हैं। इस तरह से सिंह राशि में केतु-शुक्र की युति बनेगी जो 01 अगस्त तक बनी रहेगी। आइए जानते हैं सिंह राशि में शुक्र-केतु की युति से किन-किन राशि वालों को सबसे ज्यादा लाभ मिलने के योग हैं।



**मेष राशि–** मेष राशि वालों के लिए शुक्र-केतु की युति पंचम भाव में बनेंगी। ऐसे में संतान संबंधित कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है। इस दौरान प्रेम के मामलों में उतार-चढ़ाव का सामना देखने को मिल सकता है। जो लोग नौकरीपेशा हैं उनको नई तरह की जिम्मेदारियां मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव ज्यादा देखने को मिलेगा। इस दौरान आपके खर्चों में अचानक वृद्धि भी देखने को मिल सकती है।

**वृषभ राशि –** 4 जुलाई को सिंह राशि में शुक्र-केतु युति होने से यह आपके चौथे भाव में होंगे। कुंडली का चौथा भाव वाहन और संपत्ति से जुड़ा हुआ होता है। ऐसे में आपको इस दिशा में कोई भी योजना बनानी होगी तो बहुत ही सोच-समझकर आगे बढ़ना होगा। इस दौरान किसी विवाद के मामलों में आपको बहुत ही सोच-समझकर आगे बढ़ना होगा। आपको कार्यक्षेत्र में ज्यादा मेहनत करने की जरूरत होगी।

**कर्क राशि –** 4 जुलाई से लेकर 01 अगस्त तक के बीच शुक्र-केतु का संयोग आपकी कुंडली के दूसरे भाव में बनेगी जिससे आपको थोड़ी सतर्कता बरतनी होगी। धन के लेन-देन के मामलों में आपको बहुत ही सोच-समझकर आगे बढ़ना होगा। लेकिन वही आय के दूसरे स्त्रोतों से आपको अच्छा खासा लाभ देखने को मिल सकता है। आपको अपनी वाणी पर कंट्रोल करना होगा। किसी योजना में निवेश करने से पहले आपको उसके दूसरे पहुलओं पर सोच-विचार अवश्य करना चाहिए।

**तुला राशि–** तुला राशि वालों के लिए शुक्र-केतु की युति बहुत ही अच्छा संयोग साबित होगा। आय के नए-नए स्त्रोतों में इजाफा देखने को मिलेगा। आपकी कुंडली में शुक्र-केतु की युति ग्यारहवें भाव में बनेगी जिससे आपकी कई तरह की इच्छाओं की पूर्ति होगी। धन लाभ के अवसरों में वृद्धि होगी, मित्रों और दूसरे संबंधों का लाभ आपको मिलेगा। इस दौरान जिन लोगों का कहीं कोई धन लंबे समय से रुका हुआ था उसके मिलने के योग होंगे।

**धनु राशि–** धनु राशि वालों के लिए शुक्र-केतु की युति का गोचर कुंडली के नवम यानी भाग्य भाव में बनेगा, जिससे आपके भाग्य में वृद्धि देखने को मिलेगी । आय में इच्छा खास इजाफा होगा। नौकरीपेशा लोगों को नई नौकरी को हासिल करने में सफलताएं प्राप्त होंगी। इस दौरान धनु राशि वालों को दूसरे लोगों से मेल-मिलाप का सिलसिला जारी रहेगा। धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर आपको मिलेगा।

### क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल फुटबॉल वर्ल्डकप के अंतिम-16 में

# रामोस ने इंजरी टाइम में हेडर से गोल दागा

## स्पेन 2010 के बाद पहला नॉकआउट मैच जीता

ब्रह्मास्त्र ›› स्पेन

स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम पुर्तगाल ने फुटबॉल वर्ल्ड कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने शुक्रवार के पहले मुकाबले में क्रोएशिया को 2-1 से हराया। प्री-क्वार्टर फाइनल में पुर्तगाल का मुकाबला 2010 की चैंपियन स्पेन से 7 जुलाई को होगा।

टोरेंटो स्टेडियम में इवान पेरिसिच ने हाफ टाइम के बाद गोल करके क्रोएशिया को 1-0 से आगे कर दिया। उसके बाद 68वें मिनट में क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पेनल्टी पर बराबरी का गोल दागा। फुल टाइम तक यही 1-1 की स्कोर लाइन रही। ऐसे में इंजरी टाइम में गोंसालो रामोस ने हेडर से गोल करके अपनी टीम की जीत पक्की कर दी। इधर, लॉस एंजिल्स स्टेडियम में स्पेन ने गुरुवार के आखिरी मुकाबले में ऑस्ट्रिया को 3-0 से हराया। टीम ने 2010 के बाद पहली बार नॉकआउट मुकाबले में जीत दर्ज की। मिकेल ओयारजाबाल ने दो गोल किए, जबकि पेड्रो पोरो ने एक गोल जोड़ा। राउंड ऑफ 16 में स्पेन का मुकाबला पुर्तगाल और क्रोएशिया के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।



### स्पेन ने अब तक कोई गोल नहीं खाया

- स्पेन ने पूरे मैच में गेंद पर कब्जा बनाए रखा और टूर्नामेंट का अपना सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन किया। टीम ने लगातार चौथे मैच में क्लीन शीट रखी। ऑस्ट्रिया की टीम पूरे मैच में गोल पर एक भी शॉट नहीं लगा सकी और गोलकीपर उनाई सिमोन को एक भी सेव नहीं करना पड़ा।
- पहले हाफ में शुरुआती सावधानी के बाद स्पेन ने हाइड्रेशन ब्रेक के बाद आक्रमण तेज किया। 36वें मिनट में मार्क कुकुरेला के पास पर मिकेल ओयारजाबाल ने गोल कर टीम को 1–0 की बढ़त दिलाई। यह टूर्नामेंट में उनका तीसरा गोल था।
- दूसरे हाफ में स्पेन ने लगातार दबाव बनाए रखा। एलेक्स बैएना ने शानदार मूव बनाया और उनका पास पेड्रो पोरो तक पहुंचा। पोरो ने हेडर से गोल कर अंतर 2–0 कर दिया। यह उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला गोल था। 89वें मिनट में कुकुरेला ने फिर बेहतरीन पास दिया, जिस पर ओयारजाबाल ने अपना दूसरा और टीम का तीसरा गोल कर जीत पक्की कर दी।

### यामाल ने सबसे ज्यादा समय मैदान पर बिताया

- 18 साल के स्टार विंगर लामिन यामाल ने पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा समय मैदान पर बिताया। उन्होंने स्पेन के 10 ऑन–टारगेट शॉट्स में से चार लगाए। 85वें मिनट में उनका जोरदार शॉट ऑस्ट्रिया के डिफेंडर डेविड अलाबा ने गोललाइन पर रोक दिया। इसके कुछ ही देर बाद उन्हें मैदान से बाहर बुला लिया गया।
- स्पेन के कोच लुइस डे ला फुएंते ने कहा, 'बड़ी टीमें जरूरत के समय अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती हैं। हमने शानदार मैच खेला और लगभग परफेक्शन के करीब पहुंचे। फिर भी हमें लगातार सुधार करना होगा, क्योंकि आगे हर मुकाबला कठिन होगा।'

ऑस्ट्रिया के गोलकीपर अलेक्जेंडर श्लेगर ने छह शानदार बचाव किए और कई आसान दिख रहे मौकों को गोल बनने से रोका। इसके बावजूद टीम हार नहीं टाल सकी। ऑस्ट्रिया 1998 के बाद पहली बार विश्व कप के नॉकआउट चरण में पहुंचा था।

## ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर नाबालिग से यौन शोषण मामले में दोषी करार



ब्रह्मास्त्र ›› होबार्ट

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और तेज गेंदबाज एरोन समर्स को एक नाबालिग लड़की से यौन शोषण के मामले में जेल हो सकती है। 30 साल के समर्स ने तस्मानिया के सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान अपना गुनाह कबूल कर लिया। समर्स ने जून के अंत में अपनी याचिका में बदलाव किया। उन्होंने दो बच्चों के यौन उत्पीड़न (पेनिट्रेटिव सेक्सुअल एब्यूज) और एक बच्चे को अश्लील कंटेंट दिखाने के मकसद से बहलाने-फुसलाने के आरोपों को स्वीकार किया। कोर्ट ने समर्स की जमानत रद्द खारिज कर उन्हें हिरासत में भेज दिया है। अदालत अगस्त महीने में अपना अंतिम फैसला सुनाएगी। पूरा मामला 16 जनवरी 2018 का है। तब समर्स ऑस्ट्रेलियाई बिग बैश लीग में होबार्ट हरिकेंस टीम का हिस्सा थे।

# भारतीय बैडमिंटन में नया स्कोरिंग सिस्टम लागू होगा

### 21 की जगह 15 अंक का होगा गेम, एनार्कुलम सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट से होगी शुरूआत

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारतीय बैडमिंटन में जुलाई 2026 से नया स्कोरिंग सिस्टम लागू हो जाएगा। इसके तहत गेम 21 की जगह 15 पॉइंट्स के होंगे। बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। नए नियमों का पहला इस्तेमाल 7 से 14 जुलाई तक एनार्कुलम के रीजनल स्पोर्ट्स सेंटर में होने वाले ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट में किया जाएगा।

इसके बाद यह फॉर्मेट सभी जोनल चैंपियनशिप, घरेलू रैंकिंग टूर्नामेंट और नेशनल चैंपियनशिप में लागू होगा। इसमें अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19, सीनियर और मास्टर्स सभी एज ग्रुप शामिल होंगे।

नए फॉर्मेट में मैच पहले की तरह बेस्ट ऑफ-3 गेम ही होंगे, लेकिन अब हर गेम 21 की जगह 15 अंक का होगा। 14-14 की बराबरी होने पर 2 अंकों की बढ़त जरूरी होगी। अगर स्कोर 20-20 तक पहुंचता है तो अगला अंक



जीतने वाला खिलाड़ी गेम अपने नाम करेगा। यानी हर गेम की अधिकतम सीमा 21 अंक होगी।

अब मिड-गेम ब्रेक 11 अंक की बजाय 8 अंक पर मिलेगा और यह 60 सेकेंड का होगा। तीसरे गेम में खिलाड़ी 8 अंक पर कोर्ट बदलेंगे। गेम के बीच मिलने वाला 120 सेकेंड का ब्रेक पहले की तरह जारी रहेगा और पिछले गेम का विजेता ही अगले गेम में पहली सर्विस करेगा। बीएआई महासचिव संजय मिश्रा ने कहा कि घरेलू स्तर पर नए फॉर्मेट को पहले लागू करने का उद्देश्य खिलाड़ियों, कोचों और तकनीकी अधिकारियों को समय रहते इसकी आदत डालना है।

## खबर एक नजर...

### महाराष्ट्र से नाबालिग को ट्रेन में बैठाकर फरार हुआ युवक

**उज्जैन।** दाऊदखेड़ी क्षेत्र में रहने वाली नाबालिग कुछ दिन पहले लापता हो गई थी। परिजनों ने नीलगंगा थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया और तलाश शुरू की। इस दौरान सामने आया कि मंदसौर का युवक से बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने युवक के परिजनों से पूछताछ शुरू की। पता चला कि महाराष्ट्र में है, पुलिस महाराष्ट्र जाने की तैयारी कर रही थी, उसी बीच परिजनों ने युवक को सूचना पहुंचा दी। युवक ने नाबालिग को महाराष्ट्र से ट्रेन में बैठाया और फरार हो गया। पुलिस को नाबालिग के ट्रेन से उज्जैन आने की खबर मिलते ही उसे दस्तयाब करने के प्रयास शुरू किये। गुरूवार सुबह उज्जैन आने पर नाबालिग को थाने लाया गया। जहां पूछताछ में पता चला कि युवक ने उसके साथ गलत काम किया है। कुछ महिनों पहले युवक मजदूरी करने दाऊदखेड़ी आया था। वह भैंस चराने जाती थी, तभी उससे पहचान हुई थी। पुलिस ने नाबालिग के बयान पर युवक के खिलाफ दुष्कर्म की धारा का इजाफा किया है। उसकी तलाश में पुलिस महाराष्ट्र और मंदसौर जा सकती है।

### बेटी हुई तो ससुराल वाले दहेज में मांगने लगे 5 लाख

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना पुलिस ने खरगोन के श्रीनाथ कालोनी में रहने वाले मेडिकल व्यवसाई गौरव पिता बलदेवसिंह सेंगर, रजनी पति बलदेव सेंगर, बलदेव सेंगर और श्वेता सेंगर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का प्रकरण दर्ज किया है। एएसआई उद्यमसिंह राठौर ने बताया कि परवाना नगर में रहने वाली रघुवंशी परिवार की महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि उसका विवाह रीति रिवाज से 8 दिसंगर 2020 को गौरव से हुआ था। पिता ने गृहस्थी का सामान, 1 लाख नगद, सोने के आभूषण दिये थे। सालभर बाद गर्भवती हुई तो मायके भेज दिया। पुत्री को जन्म दिया तो देखने तक नहीं आये और पुत्र नहीं होने पर 5 लाख की मांग करने लगे। पति, सास-ससुर और ननद द्वारा उसे फोन पर प्रताड़ित किया जाने लगे। पिता ने मांग पूरी करने की बात कहीं, पति उसे ससुराल ले गया, लेकिन पिता ससुराल वालों की डिमांड पूरी नहीं कर पाये तो उन्होने घर से निकाल दिया। वह सालभर से मायके में रह रही है। मामला नवविवाहता से जुड़ा होने पर दहेज प्रताड़ना का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

### पुत्र से विवाद के बाद पिता ने खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** आगररोड स्थित ग्राम चककमेड़ में रहने वाले प्रभुलाल पिता कन्हैयालाल को गुरूवार शाम परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। प्रभुलाल ने जहरीला पदार्थ खाया था। डॉक्टरों ने हालत देख उपचार के लिये भर्ती किया। परिजनों ने बताया कि प्रभुलाल और उसके पुत्र के बीच विवाद हो गया था, पुत्र ने पिता को अपशब्द कहे और हाथपाई करने लगा। जिसके बाद प्रभुलाल ने घर में रखा कीटनाशक खा लिया। ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

### आयशर से टकराई ओवरटेक करती लोडिंग, चालक घायल

**उज्जैन।** कानीपुरा मार्ग पर गुरूवार सुबह खड़ी आयशर को ओवरटेक करने कर रहा लोड़िंग चालक सामने से कार आती देख बचने का प्रयास करने लगा। लोडिंग का संतुलन बिगड़ गया और आयशर से टकरा गया। घटनाक्रम में लोडिंग का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक मोहम्मद मुस्तिकीम निवासी अहमदनगर गंभीर घायल हो गया। सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस कानीपुरा घटनास्थल पहुंची और चालक को अस्पताल लाया गया। जहां पूछताछ में पता चला कि वह कबाड़े का कारोबार करता है। लोडिंग से कबाड़ लेने जा रहा था। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है। आयशर चालक से भी बीच मार्ग पर गाड़ी खड़ी की वजह पता की जायेगी।

### पानी की टंकी साफ कर रहे वृद्ध को सांप ने डंसा

**उज्जैन।** कोठी लाइन क्षेत्र में रहने वाला मिथुन पिता मोहन पांडे 52 साल गुरूवार शाम घर पर पानी की टंकी की सफाई कर रहा था, उसी दौरान उसे सांप ने डंस लिया। परिजनों को पता चला तो मिथुन को चरक अस्पताल लाया गया। जहां उपचार चल रहा है। डॉक्टरों ने 24 घंटे आर्ब्जवेशन में रखने की बात कहीं है। बारिश के मौसम में सर्पदंश की घटना बढ़ती सामने आ रही है।

### जांच के बाद पुलिस ने मृतक पर दर्ज किया प्रकरण

**उज्जैन।** राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम भंवरासी के पास पुलिया पर 26 जून की दोपहर ट्रेक्टर पलटी खा गया था। घटना में चालक दिनेश उर्फ जीवनलाल पिता सज्जनलाल गारी 23 साल निवासी ग्राम खेड़ामदा की मौत हो गई थी। मर्ग कायम कर पांच दिन की जांच के बाद पुलिस ने मृतक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने की धारा 106 (1) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया। अब मामले का खत्मा न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 389-0 | 448-6 |
| मेन बाजार | 238-3 | 249-5 |
| मिलन डे | 179-7 | 890-7 |
| मिलन नाइट | 240-6 | 239-4 |

1 8 0

#### नशा करने वालों को ड्रग्स बेचने आटो से निकले 2 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार

# 57 लाख से अधिक कीमत की एमडी ड्रग्स बरामद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नशा करने वालों को ड्रग्स बेचने आटो से निकले 2 युवकों को पुलिस ने गुरूवार को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 57 लाख से अधिक कीमत की एमडी बरामद की गई है। दोनों से पूछताछ जारी है। आज दोपहर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि खबर मिली थी कि आटो क्रमांक एमपी 13 आर 5205 से 2 युवक नशा करने वालों को ड्रग्स बेचने के लिये निकले है। दोनों सावराखेड़ी पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास खड़े है। मामला अवैध मादक पदार्थ का होने पर एसआई यादवेन्द्र परिहार की टीम को रवाना किया गया। पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास उक्त नम्बर का आटो खड़ा दिखाई दिया। पुलिस ने घेराबंदी की और उसमें सवार 2 युवकों को कस्टडी में लिया। पूछताछ करने पर उनके नाम शादाब पिता शेरू खान 29 साल और दाऊद पिता हमीद खान 22 साल निवासी बेगमपुरा थाना महाकाल सामने आये। दोनों की तलाशी लेने पर उनके पास से प्लास्टिक की थैली में रखा भूरे रंग का मादक पदार्थ मिला। जानकारी लेने पर दोनों ने एमडी ड्रग्स बताया। दोनों को थाने लाया गया और आटो जप्त किया गया। उनके बरामद एमडी ड्रग्स 112.35 ग्राम थी। आटो ढाई लाख और ड्रग्स की कीमत 57.50 लाख रुपए पाई गई। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा। फिलहाल दोनों से ड्रग्स उपलब्ध कराने की जानकारी मिली है, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।



### पिता की आटो लेकर निकला था शादाब

बताया जा रहा है कि जिस आटो से दोनों एमडी ड्रग्स बेचने निकले थे, वह शादाब के पिता की होना सामने आई है। शादाब और दाऊद मजदूरी करते है। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों के अपराधिक रिकार्ड का पता लगाया जा रहा है। यह जानकारी भी जुटाई जा रही है कि दोनों कब से मादक पदार्थ के अवैध कारोबार से जुड़े है। उनके साथ अवैध काम में कौन-कौन शामिल है। फिलहाल दोनों दोस्त होना सामने आये है।

### नशे से युवाओं को बचाने का प्रयास

एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा जिले में मादक पदार्थ के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों की धरपकड़ का अभियान चलाकर युवाओं को नशे से बचाने का प्रयास किया जा रहा है। सबसे अधिक युवा वर्ग मादक पदार्थ के नशे की लत से प्रभावित होना सामने आ रहे है। पिछले 6 माह में एसपी के निर्देश में जिले की पुलिस कई लोगों को एमडी ड्रग्स, डोडाचूरा, गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद कर चुकी है। यही नहीं एमडी ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री का बड़ा खुलासा भी किया जा चुका है।

#### गावड़ी लोधा में देर रात तक तलाशी अभियान

## बाइक के साथ नाले में बह गया सहायक सचिव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

2 दिनों से हो रही बारिश के बाद नदी-नालों में उफान आना शुरू हो गया है। गुरूवार देर शाम ग्राम पंचायत से घर लौट रहा सहायक सचिव उफनते नाले के तेज बहाव में बाइक सहित बह गया। तलाश में देर रात तक सर्चिंग की गई, लेकिन पता नहीं चला।

मामला इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम गावड़ी लोधा से सामने आया। बुधवार के बाद गुरूवार शाम फिर से तेज बारिश शुरू हुई। इस दौरान ग्राम गावड़ी लोधा पंचायत सहायक सचिव सूर्यप्रताप सिंह सोनगरा बाइक से अपने घर सिजावदा जाने के लिये निकला। गावड़ी लोधा मार्ग पर नाला पर बनी पुलिया पार करते समय अचानक आये तेज बहाव में बाइक सहित गिर गया और बह निकला। पानी का बहाव इतना तेज था कि बाइक भी नाले में चली गई। कुछ लोगों ने घटनाक्रम देखा तो गांव वालों और परिजनों को सूचना दी। खबर मिलते ही इंगोरिया थाना प्रभारी दीपेश व्यास टीम के साथ पहुंच गये थे। जानकारी सामने आई कि घटना रात 7.45 बजे के लगभग की है। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से तलाशी अभियान शुरू किया लेकिन रात 10 बजे तक कुछ पता नहीं चला। मामले की सूचना होमगार्ड की एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम को दी गई। बड़नगर से रात में टीम पहुंची, लेकिन पानी का बहाव और अंधेरा होने पर तलाशी अभियान में परेशानी होने लगी। बताया जा रहा था कि सुबह उज्जैन से एसडीआरएफ की टीम पहुंचेगी, बावजूद इसके देर रात तक स्थानीय स्तर पर तलाशी अभियान जारी था। परिवार के लोग भी मौके पर देर रात तक खड़े रहे।





### इधर बही बाइक, युवक निकला बाहर

तेज बारिश के बीच एक हादसा ग्राम जगोटी से भी शाम 7 बजे के लगभग सामने आया, शाम को खेडा खजूरिया मार्ग स्थित खाल पर बनी पुलिया से बाइक निकालने का प्रयास कर रहा युवक तेज बहाव में बह गया। कुछ दूर जाने के बाद युवक तो किनारे पर आकर बच गया, लेकिन उसकी बाइक पानी के तेज बहाव में चली गई। युवक का नाम केशुलाल आंजना 47 साल खेड़ा खजूरिया सामने आया है। वह खेत से घर लौट रहा था।

#### देवास पुलिस की गिरफ्त में उज्जैन का युवक

## 14 पिस्टल और 5 जिंदा कारतूस मिले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

देवास पुलिस ने प्रदेशभर में बदमाशों को अवैध पिस्टल सप्लाय करने वाले गिरोह को पकड़ा है। जिसमें उज्जैन का एक युवक भी शामिल है। गिरोह 4 जुलाई तक रिमांड पर है। जिनके पास से 14 पिस्टल और 5 जिंदा कारतूस मिले है।

देवास कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा ने बताया कि कुछ दिनों से अवैध हथियारों की तस्करी की खबरे सामने आ रही थी। पुलिस अधीक्षक पुनित गेहलोद के निर्देशन में विशेष टीम बनाई गई थी। बुधवार-गुरूवार रात एक साथ चार स्थानों पर दबिश दी गई। इस दौरान उज्जैन के आगररोड स्थित ग्रीन सिटी में रहने वाले शुभम पांचाल के साथ देवास भैरवगढ़ स्थित जयभारत नगर में रहने वाले अंकित रायकवार, साहिल वर्मा के साथ लक्ष्मीपुरा देवास के अक्षय शिंदे और इरफान शेख निवासी सिल्वर कालोनी देवास को गिरफ्तार किया गया। पांचों के पास से 14 देशी पिस्टल, 5 जिंदा कारतूस मिले है। सभी को गुरूवार दोपहर न्यायालय में पेश कर 4 जुलाई तक रिमांड पर लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त और सप्लाय चैन की महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। पांचों से जानकारी मिली है कि सूनसान जगहो पर हथियारों की डील करते थे। मध्यप्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों से देशी पिस्टल लाते है और बदमाशों तक पहुंचाते है। देवास कोतवाली थाना प्रभारी के अनुसार इस बात का पता लगाया जा रहा है कि हथियार कहां तैयार किये जा रहे थे। इनके मुख्य सप्लायर कौन है और किन-किन अपराधियों तक हथियारों की सप्लाई की गई है। अब तक सप्लाय किये गये 3 देशी पिस्टल की जानकारी सामने आ चुकी है।

## रेलवे स्टाफ और यात्रियों की सेवा से जच्चा-बच्चा स्वस्थ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सूरत से नई दिल्ली जा रही ट्रेन में सफर कर रही गर्भवती महिला को न सिर्फ चलती ट्रेन में सुरक्षित प्रसव हुआ, बल्कि रेलवे स्टाफ और सह-यात्रियों की तत्परता से मां और नवजात बच्ची को समय पर चिकित्सीय सहायता भी मिल सकी। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल ने एक बार फिर यात्रियों की सुरक्षा और मानवीय संवेदना की मिसाल पेश की है। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। मिली जानकारी के अनुसार, गाड़ी संख्या 12925 (पश्चिम एक्सप्रेस) जब रतलाम से खाचरोद के बीच दौड़ रही थी, तभी कोच संख्या र-6 के शौचालय में एक महिला यात्री को अचानक तीव्र प्रसव पीड़ा हुई और उन्होंने वहीं एक नवजात बच्ची को जन्म दे दिया। शौचालय में प्रसव की सूचना मिलते ही बोगी में हड़कंप मच गया। सह-यात्रियों द्वारा घटना की जानकारी दिए जाने के तुरंत बाद ट्रेन में तैनात रेलवे कर्मचारी बिना समय गंवाए मौके पर पहुंचे।

## महिला को चप्पलों की माला पहनाकर जुलूस निकाले वाले 6 गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रेम विवाह करने वाली महिला का चप्पलों की माला पहनाकर जुलूस निकालने वाले 3 आरोपियों की गुरूवार को गिरफ्तारी कर ली गई। घटनाक्रम सामने आने के बाद 3 को मौके से दबोच लिया गया था। अब 5 फरार आरोपियों की तलाश में झारड़ा और राघवी पुलिस उनके ठिकानों पर दबिश मार रही है।

मंगलवार को झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम अरनिया वेणा में पति को छोड़ प्रेम विवाह करने वाली महिला का 3 साल बाद गांव लौटने पर ससुराल वालों ने अमानवीय व्यवहार करते हुये जुलूस निकाल दिया था। ससुराल वालों ने महिला के कपड़े फाड़ दिये थे, बाल काटे थे और जूते-चप्पलों की माला पहनाई थी। महिला का अर्द्धनग्न हालत में जुलूस निकलता देख कुछ जागरूक लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच महिला के ससुर सुमेरसिंह पिता कालूसिंह के साथ उसका साथ देने वाले बद्रीलाल और कचरूसिंह को गिरफ्तार कर लिया था। महिला की शिकायत पर 11 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था। गुरूवार को शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये झारड़ा थाना पुलिस के साथ राघवी थाना पुलिस की टीम गठित की गई। दोनों टीम ने फरार आरोपियों की तलाश में दबिश देकर 3 आरोपी दशरथसिंह, विरेन्द्रसिंह और कृपालसिंह को हिरासत में ले लिया। अब 5 आरोपी फरार है, जिनकी तलाश में गिरफ्तार के लिये दबिश जारी है।

### पति को छोड़ महिला ने किया प्रेम विवाह

घटनाक्रम सामने आने के बाद झारड़ा थाना प्रभारी आनंद भाबोर ने बताया था कि महिला वर्ष 2023 में पति को छोड़ गांव के युवक के साथ चली गई थी। उसने प्रेम विवाह कर लिया था। 3 सालों तक गांव से दूर रहने के बाद महिला दूसरे पति के साथ गांव लौटी थी। उसी दौरान उसके पूर्व ससुराल वालों ने पकड़ लिया और अमानीय व्यवहार किया।

#### निर्मला कांवेंट स्कूल में बनाई मानव श्रृखंला

## साइबर एक्सपर्ट बोले सोचे-समझे फिर करें क्लिक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

साइबर जागरूकता को लेकर पुलिस विभाग ऑपरेशन सेफ क्लिक 2.0 अभियान चला रहा है। गुरूवार को निर्मला कांवेंट स्कूल में विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए साइबर एक्सपर्ट ने कहा कि ऑनलाइन होते समय पहले देखे, सोचे-समझे फिर क्लिक करें।

पुलिस विभाग द्वारा 24 जून से 8 जुलाई तक साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 चलाया जा रहा है। अभियान में गुरूवार को नागझिरी थाना क्षेत्र के निर्मला कांवेंट स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल के 300 से अधिक छात्र-छात्राओं के बीच थाना प्रभारी कमल निगवाल, एसआई पूजा सोलंकी के साथ सायबर सेल एक्सपर्ट एसआई प्रतिक यादव पहुंचे। एसआई यादव ने विद्यार्थियों से कहा कि ऑनलाइन जाते समय पहले देखे फिर सोचे-समझे उसके बाद ही किसी लिंक पर क्लिक करें। उन्होने वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध फर्जी कॉल, मैसेज, फिशिंग लिंक, सोशल मीडिया फ्रॉड, ऑनलाइन गेमिंग, डिजिटल अरेस्ट, बैकिंग धोखाधड़ी, ओटीपी किसी के साथ साझा ना करने जैसी बातों से अवगत कराया और परिवार के लोगों से भी साझा करने की बात कहीं। साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की बात कहीं। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिसर में पुलिस अधिकारियों, विद्यालय प्रबंधन और छात्र-छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। मानव श्रृंखला के माध्यम से सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने, डिजिटल सुरक्षा अपनाने तथा साइबर ठगी से बचाव का प्रभावी संदेश आमजन तक पहुंचाया गया। उज्जैन पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध कॉल, लिंक, एपीके फाइल, फर्जी वेबसाइट अथवा ऑनलाइन प्रलोभन के झांसे में न आएं। साइबर फ्रॉड से बचाव का जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है।



#### विकासखंड स्तर पर निकली सूची , शिक्षकों से संवाद के बाद नोटिस देंगे

# अब ई-अटेंडेंस नहीं तो होगी निलंबन की कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रदेश के साथ अब जिले में भी 90% से कम ई-अटेंडेंस वाले शिक्षकों पर निलंबन की गाज गिरने की स्थिति बन गई है। स्कूल शिक्षा विभाग ने जिला शिक्षा अधिकारियों से इसकी रिपोर्ट मांगी है। जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र खत्री के अनुसार उज्जैन में ऐसे 72 शिक्षक सामने आ रहे हैं जिन्होंने ई-अटेंडेंस ही नहीं लगाई है। इनकी विकासखंडवार सूची निकाल कर इनसे संवाद किया जाएगा। अगर कोई तकनीकी समस्या सामने आती है तो उसे दूर किया जाएगा अन्यथा कारण बताओं सूचना पत्र जारी कर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षा विभाग ने 1 जुलाई से सभी शिक्षकों और शैक्षणिक अमले के लिए ई-अटेंडेंस अनिवार्य की है। प्राचार्य-अफसरों को भी इससे नहीं बख्शा जाएगा। पहले ई-अटेंडेंस 90% से कम होने पर शिक्षकों को स्वैच्छिक तबादले के लिए आवेदन करने से भी रोका गया था। वेतन कटौती के बाद अब सस्पेंशन जैसी कार्रवाई पर भी विभाग आ गया है। शिक्षक संगठन लगातार इस व्यवस्था का विरोध कर रहे हैं। इस व्यवस्था को लेकर हाल ही में आयुक्त लोक शिक्षण ने पत्र जारी कर निदेश दिए हैं कि ऐसे संकुल प्राचार्य जिनके द्वारा शत-प्रतिशत ई अटेंडेंस न लगाये जाने वाले शिक्षकों के वेतन देयक आहरण हेतु अग्रेषित किया गया है, के विरूद्ध निलंबन/अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ की जाए।

**उज्जैन जिले में 72 शिक्षकों ने नहीं माना आदेश**

### उज्जैन में 72 सामने आए

जिला शिक्षाअधिकारी महेन्द्र खत्री के अनुसार जिले में वर्तमान में 94-95 प्रतिशत शिक्षक ई-अटेंडेंस लगा रहे हैं। कुल 5-6 प्रतिशत ही इसमें शामिल नहीं हैं। पोर्टल से ऐसे शिक्षकों की जानकारी सामने लाने पर जिले के कुल 72 शिक्षक ऐसे सामने आए हैं जो ई-अटेंडेस नहीं लगा रहे हैं। इनकी सूची निकालकर विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को दी जा रही है। ऐसे शिक्षकों से बीईओ संवाद करेंगे और अगर ऐसे शिक्षकों को कोई तकनीकी समस्या आ रही है तो उसे दूर करवाया जाएगा। अगर ऐसा नहीं है और आदेश की अवहेलना की स्थिति सामने आती है तो ऐसे मामलों में कारण बताओं सूचना पत्र देकर सीधे निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। अभी सूची में यह स्थिति स्पष्ट रूप से नहीं ली गई है कि कितने शिक्षक हायर सेकेंडरी के और कितने हाईस्कूल,मिडिल स्कूल एवं प्रायमरी के इसमें हैं। प्रारंभिक रूप से बीईओं को सूची देकर संवाद की स्थिति और संबंधित शिक्षक का जवाब लिया जा रहा है।

### ये निर्देश दिए आयुक्त ने

प्रदेश में उच्च माध्यमिक, माध्यमिक और प्राथमिक स्तर पर करीब 4.25 लाख शिक्षक पदस्थ हैं। इनकी ई-अटेंडेंस को लेकर आयुक्त लोक शिक्षण ने नियमित रूप से ई-अटेंडेंस मार्क करने के निर्देश दिये हैं। संदर्भित पत्र में यह निर्देशित किया गया था कि ई अटेंडेंस मार्क न करने वाले शिक्षकों की वेतन कटौती की जाए। उपरोक्त निर्देशों के बावजूद भी वर्तमान में ई अटेंडेंस के माध्यम से उपस्थिति 90 प्रतिशत के करीब है जिससे यह प्रमाणित होता है कि शत प्रतिशत शिक्षकों द्वारा ई अटेंडेंस नहीं लगाई जा रही है जो शासन निर्देशों का गंभीर उल्लंघन है तथा शैक्षणिक गतिविधियों के लिये बाधक है। उपरोक्त स्थिति के दृष्टिगत निर्देशित किया जाता है कि ऐसे संकुल प्राचार्य जिनके द्वारा शत-प्रतिशत ई अटेंडेंस न लगाये जाने वाले शिक्षकों के वेतन देयक आहरण हेतु अग्रेषित किया गया है, के विरूद्ध निलंबन/अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ की जाकर एवं तत्संबंधी जानकारी गुरूवार तक संचालनालय को प्रेषित की जाए। पत्र में हिदायत देते हुए कहा है कि कार्यवाही को समय सीमा में पालन न करने की स्थिति में संबंधित संयुक्त संचालक/जिला शिक्षा अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी।

## विवाद के बाद पत्नी ने गले में डाला फंदा

### पति लेकर आया अस्पताल, उपचार जारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मक्सीरोड पर गुरूवार रात 8 बजे पत्नी ने गले में फंदा डाल लिया और लटक गई। पति ने उसे देखा और नीचे उतारा, अस्पताल लाने पर सांस चल रही थी। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है।

पंवासा थाना प्रधान आरक्षक शेखर हरियाला ने बताया कि अस्पताल से सूचना मिली थी कि बैकुंठधाम कालोनी से रविना पति अभिषेक 20 साल को उपचार के लिये लाया गया है। रविना ने फांसी लगाने का प्रयास किया है। सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची, इस दौरान सामने आया कि रविना का पति से खाना बनाने की बात पर विवाद हो गया था, जिसके बाद उसने कमरे में जाकर फंदा गले में डाल लिया था। पति घर में मौजूद था, उसने देखा तो तत्काल नीचे उतारा और अस्पताल लेकर पहुंचा। प्रधान आरक्षक के अनुसार महिला की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। बावजूद डॉक्टरों की निगरानी में उपचार जारी है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com